तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 223 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 14 मई 2024 डाक 15 मई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान संबोधित कर रहे थे

देश-विदेश

सुशील मोदी की निधन से राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

फीचर पेज

उज्जैन के इन पांच मंदिरों की दूर-दूर तक फैली ख्याति, दर्शन करने से खुल जाते हैं भाग्य

पहले गंगा पूजन, फिर काल भैरव दर्शन, वाराणसी से पीएम मोदी ने तीसरी बार दाखिल किया नामांकन

वाराणसी, 14 मई [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाराणसी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। यह तीसरी बार है जब पीएम मोदी वाराणसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इससे पहले सोमवार शाम पीएम मोदी ने वाराणसी में रोड शो किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी रहे। उन्होंने पांच किमी लंबा रोड शो तीन घंटे में पूरा किया। पीएम मोदी बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेना नहीं भूले। उन्होंने आधा घंटे तक पूजा की। पीएम मोदी के चार प्रस्तावकों में वैदिक आचार्य गणेश्वर शास्त्री भी शामिल रहे। आज गंगा सप्तमी और नक्षत्र राज पुष्य का संयोग है। इसके साथ रवि योग ग्रहों की अच्छी स्थितियों का निर्माण कर रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन कोई भी कार्य करने से अभिष्ट की सिद्धि होती है। पुष्य नक्षत्र में यदि किसी काम को किया जाए तो उसमें कार्य सिद्धि तय मानी जाती है। गणेश्वर शास्त्री ने ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकाला था।

मुंबई में आंधी-तूफान और बारिश बनी आफत

100 फीट ऊंचा होर्डिंग गिरा, 14 की मौत, एक की हालत गंभीर, 43 घायलों का चल रहा इलाज

मुंबई, 14 मई [एजेंसी]।

मुंबई में सोमवार शाम आए भयंकर तूफान से घाटकोपर इलाके में तबाही का मंजर देखने को मिला जब एक लोहे का बिलबोर्ड महज कुछ सेकंड के अंदर ही धराशायी हो गया। 100 फुट ऊंचा और 250 टन का यह बिलबोर्ड घाटकोपर इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास लगा हुआ था। जब तेज हवाएं चली तो यह बिल्कुल भी नहीं संभला और महज कुछ ही सेंकड के अंदर नीचे जमीन पर गिर गया।

इस दुर्घटना में अब तक 14 लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक घायल हुए है। बृहन्मुंबई नगर निगम के मुताबिक, 43 घायलों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि 31 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक अधिकारी का कहना है कि यह हादसा जिमखाना के पास सोमवार की शाम साढ़े बजे के करीब हुआ। मौके पर तुरंत राहत पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), दमकल और पुलिस की टीम को भेजा गया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। राहत और बचाव कार्य के दौरान क्रेन और गैस कटर का इस्तेमाल किया गया है।

हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेशः देवेंद्र फड़णवीस

घाटकोपर में हुए हादसे के बाद महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने मुंबई के मुलुंद क्षेत्र में होने वाली अपनी चुनावी रैली को रद्द कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

बर्खास्त किए गए 9 अधिकारी, आदेश जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के उद्यानिकी विभाग में पदस्थ 9 ग्रामीण उद्यान अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। सीधी भर्ती में दिव्यांग कोटा में नौकरी हासिल करने वाले इन लोगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र फर्जी साबित हुआ है। जांच में खुलासा हुआ कि इन लोगों ने नौकरी प्राप्त करने के लिए गलत प्रमाण पत्रों का उपयोग किया है। इसके आधार पर अब उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त किए गए सभी कर्मचारी सीधी भर्ती के माध्यम से सेवा में आए थे।

दिल्ली के कई अस्पतालों को मिली बम से उड़ाने की धमकी जांच के लिए ओपीडी के मरीजों को निकाला गया बाहर

नईदिल्ली, 14 मई [एजेंसी]।

दिल्ली के कई अस्पतालों को फिर से बम की धमकी का ईमेल मिला है। इसे लेकर अस्पताल प्रशासन अलर्ट हो गया है। दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान में जांच के लिए ओपीडी के मरीजों को थोड़ी देर के लिए बाहर निकाला गया है। एहतियात के तौर पर अस्पताल परिसर में संदिग्ध वस्तु की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी का ईमेल सोमवार देर रात 12.19 पर आया है। इस बार मेल आईडी दूसरी है। इससे पहले 12 मई को भी दिल्ली के कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इस संबंध में अस्पतालों को ईमेल आया था।

आस्था पथ से होकर बाबा के दर्शन को पहुंच रहे भक्त अब तक एक लाख से अधिक यात्रियों ने नवाया शीश

रूद्रप्रयाग, 14 मई [एजेंसी]।

केदारनाथ धाम में प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल आस्था पथ से होकर यात्री बाबा केदार के मंदिर में दर्शनों को पहुंच रहे हैं। यात्रियों की भारी भीड़ के बावजूद बिना भगदड़ के यात्री आसानी से आस्था पथ से मंदिर तक पहुंच रहे हैं, और बाबा के दर्शन के पश्चात मुख्य मार्ग से वापस लौट रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट

केदारनाथ आपदा वर्ष 2013 के बाद से धाम मे हो रहे पुर्ननिर्माण कार्यो के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत आस्था पथ का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, यह आस्था पथ मंदाकिनी नदी के किनारे से होते हुए सीधे मंदिर तक लगभग चार सौ मीटर लंबा मार्ग है।

पुलिस को एक और सफलता, छठा आरोपी गिरफ्तार हरियाणा से दबोचा गया लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य

मुंबई। सलमान खान के घर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने छठे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य है। आरोपी की पहचान हरियाणा के फतेहाबाद निवासी हरपाल सिंह (34) के रूप में हुई है, जिसे मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने सोमवार शाम उसके गृहनगर से गिरफ्तार कर लिया। हरपाल सिंह को मंगलवार सुबह मुंबई लाया गया और बाद में दिन में अदालत में पेश किया जाएगा। गोलीबारी की घटना के सिलसिले में यह छठी गिरफ्तारी है। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के आवास के बाहर दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने गोलीबारी की और मौके से भाग गए।

मंत्री से ईडी ने शुरू की पूछताछ, पीएस और घरेलू सहायक के ठिकानों से मिले थे करोड़ों रुपए

रांची, 14 मई [एजेंसी]।

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ईडी के समन पर मंगलवार को एयरपोर्ट रोड स्थित एजेंसी के जोनल ऑफिस में हाजिर हुए। ईडी ने उनके पीएस संजीव कुमार लाल, घरेलू सहायक जहांगीर आलम और अन्य करीबियों के ठिकानों पर 6-7 मई को की गई छापेमारी में 35.23 करोड़ रुपए बरामद किए थे। अब इसी मामले में मंत्री आलमगीर से पूछताछ शुरू हो रही है। आलमगीर आलम झारखंड सरकार के कैबिनेट में नंबर दो हैसियत वाले मंत्री हैं। वह झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता भी हैं। ईडी ने उनके पीएस संजीव कुमार लाल एवं घरेलू सहायक जहांगीर लाल को 8 मई से रिमांड पर लिया है और उनसे लगातार पूछताछ जारी है।

इस दौरान खुलासा हुआ है कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में टेंडर मैनेज करने से लेकर भुगतान में कमीशन की वसूली होती थी और इसका निश्चित हिस्सा बड़े अफसरों और राजनेताओं तक पहुंचता था। ईडी ने इन्हें रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो पिटीशन दिया था, उसमें बताया गया है कि संजीव कुमार लाल ही कमीशन वसूलता था और इसका प्रबंधन करता था। संभावना जताई जा रही है कि मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ के दौरान उनका सामना पीएस संजीव कुमार लाल और घरेलू सहायक जहांगीर आलम से भी कराया जा सकता है। एजेंसी मंत्री से उनके आय-व्यय और संपत्ति से जुड़े ब्योरों पर भी पूछताछ करेगी।

नक्सलियों को चुकानी होगी मासूमों की मौत की कीमतः सीएम विष्णु देव साय

रायपुर 14 मई । छत्तीसगढ़ के बीजापुर में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए जंगल गए दो बच्चों की आईईडी की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हादसे पर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख व्यक्त किया और कहा है कि नक्सलियों को इसकी कीमत चुकानी होगी। राज्य के मुख्यमंत्री साय ने सोमवार को हुई घटना का जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, बीजापुर जिले के बड़े बोड़गा गांव के एक खेत में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से गांव के दो मासूम बच्चों के देहावसान की दुखद सूचना प्राप्त हो रही है। ईश्वर से उन अबोध बच्चों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। उन्होंने आगे लिखा, नक्सलवाद का काला साया हमारे बच्चों को निगल रहा है, जिसे किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। नक्सलियों को मासूमों के करुण मौत की क़ीमत अवश्य चुकानी होगी।

मतदानकर्मियों को छोड़ने जा रही बस खड़े ट्रक में घुसी, होमगार्ड जवान की मौत, 9 घायल

मंदसौर, 14 मई [एजेंसी]।

मंदसौर जिला मुख्यालय पर चुनाव सामग्री जमा करने बाद मतदानकर्मियों को छोड़ने जा रही बस मंदसौर-सुवासरा रोड पर सुवासरा में राठौर कालोनी के पास खड़े ट्रक से जा घुसी। हादसे में होमगार्ड जवान की मौत हो गई। वहीं 9 कर्मचारी व बस ट्रक स्टाफ घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में सोमवार को लोकसभा चुनाव में देर रात तक मतदान सामग्री जमा करवाने के लिए मतदान दल मंदसौर पहुंचते रहे।

मतदान सामग्री जमा कराने के बाद मंगलवार सुबह निर्वाचन में लगे कर्मचारी अपने अपने कार्य स्थलों पर लौट रहे थे इस दौरान सोमवार सुबह लगभग सात बजे बस सुवासरा में राठौर कॉलोनी के पास सड़क पर खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। ट्रक का टायर फटने से वहां खड़ा था।

आतंकवाद से जुड़े मामलों में एसआईए ने कश्मीर में कई ठिकानों पर की छापेमारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसी (एसआईए) ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की। एसआईए के अधिकारियों ने शोपियां, अनंतनाग और कुलगाम जिलों में सुबह-सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारियों ने बताया, यह छापेमारी आतंकवादियों द्वारा एक गैर-स्थानीय की हत्या के सिलसिले में की जा रही है। एसआईए अधिकारियों ने कहा कि उनके पास कई सुराग हैं जो शामिल आतंकवादियों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने में मदद करेंगे। एसआईए जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक आतंकवाद विरोधी शाखा है। यह जम्मू-कश्मीर में ड्रायवा, नार्को-आतंकवाद और ड्रग की तस्करी से लड़ने के लिए केंद्र शासित प्रदेश के खुफिया विभागों के समग्र नियंत्रण में काम करती है।

पेट्रोल पंप में हिंसक झड़प, चाकू और धारदार हथियार चले

अंबिकापुर, 14 मई [एजेंसी]।

कल रात शहर के रामानुजगंज रोड में युवकों के दो समूह में हिंसक झड़प हो गई। जान बचाने समीप के पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुसे युवक पर चाकू और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घटना के बाद सभी तेजी से भाग निकले। घायल युवक को मेडिकल कालेज अस्पताल से ह्रायर सेंटर रिफर कर दिया गया है। पेट्रोल पंप के सीसी कैमरे में संपूर्ण घटना कैद हो गई है। इसी आधार पर पुलिस आरोपितों की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। सोमवार रात पेट्रोल पंप पर सिर्फ दो सेल्समेन थे। अचानक एक युवक भागते हुए पेट्रोल पंप के कार्यालय में आकर घुस गया। उसके पीछे-पीछे मोटरसाइकिल तथा दौड़ कर

आए युवक भी पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुस गए। युवक के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया गया। चाकू और दूसरे धारदार हथियार से प्रहार के बाद सभी भाग गए। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम भी पहुंच गई थी। पेट्रोल पंप के कार्यालय के फर्श तथा परिसर में कहीं -कहीं खून के दाग और छींटे लगे हुए थे। घटना में शहर के रामानुजगंज रोड ,सत्तीपारा, तकिया रोड क्षेत्र के युवा शामिल थे। इनमें से अधिकांश के नशे में होने की बात कही जा रही है। इन सभी ने पेट्रोल पंप के नजदीक ही किसी ठेले अथवा झाला में बैठकर मादक पदार्थों का सेवन किया था।

उसी दौरान किसी पुराने बात को लेकर इनके बीच विवाद हुआ। यही विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। घायल युवक को गंभीर चोट है। रात में ही उसे ह्रायर सेंटर रिफर किया गया है। घटना में संलिप्त युवकों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

महंगाई को लेकर पीओके में तनावपूर्ण स्थिति, ब्रिटेन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर लोगों का प्रदर्शन

इस्लामाबाद, 14 मई [एजेंसी]।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में महंगाई को लेकर प्रदर्शन जारी है। बिजली बिल, टैक्स और आटे की कीमतों में भारी वृद्धि के लेकर स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लगातार चौथे दिन भी क्षेत्र में हड़ताल जारी रही। इस बीच मुजफ्फराबाद में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को झड़प में तीन लोगों की मौत, जबकि छह घायल हो गए।जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) क्षेत्र में बिजली के प्रावधान, गेहूं के आटे पर सब्सिडी समेत अन्य विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रही है। पुलिस ने रातभर इलाके की छापेमारी की, इस दौरान कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। मुजफ्फराबाद, दादियाल, मीरपुर और पीओके के अन्य हिस्सों में कानून प्रवर्तन और प्रदर्शनकारी आपस में भिड़ गए। पीओके में जारी प्रदर्शन के बीच राजनीतिक कार्यकर्ता अमजद आयूब मिर्जा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने क्षेत्र की स्थिति पर बात करते हुए कहा, मौजूदा समय में मुज्जफराबाद की स्थिति बहुत गंभीर है।

आज सुबह लगभग 500,000 लोग मुजफ्फराबाद और उपनगरों में बिजली बिल में टैक्स, सब्सिडी में कटौती के विरोध में और प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, विधान सभा के सदस्यों के भत्तों और विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। अचानक प्रदर्शनकारियों ने पलटवार किया और रेंजर्स पीछे हट गए। ऐसा लग रहा था कि रेंजर्स वापस चले गए, लेकिन थोड़ी देर बार वे बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं की कीमतों में प्रति माह लगभग 600-700 रुपये की कमी की गई है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

10वीं, 12वीं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

टैबलेट, किताबें देकर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने किया प्रेरित

कोरबा । दसवीं और बारहवी बोर्ड के नतीजें आने के साथ खुशियों में समाएं शुभ अग्रवाल, गामिनी कुमारी और कृतिका कुमारी के लिए आज का दिन भी खुशियों से भरा रहा। जिले के गौरव इन तीनों होनहार विद्यार्थियों से मिलते ही कलेक्टर अजीत वसंत ने न सिर्फ उनकी पीठ थपथपाई, अपितु मिठाई खिलाकर टैबलेट देकर उन्हें लक्ष्य हासिल करने और सफलता की राह में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर के हाथों टैबलेट और उनसे मिले सम्मान पर खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए यह टैबलेट उनके बहुत काम आएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि किसी भी मुकाम को पाने के लिए परिश्रम करना पड़ता है। इस दौरान चुनौतियां भी सामने आती हैं। आप सभी को चुनौतियों से घबराना नहीं है। जो भी लक्ष्य है उसे प्राप्त करना है।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 परिणाम में राज्य में मेरिट आने वाले तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई ने सम्मान किया। उन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में राज्य में पांचवा तथा कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गामिनी कुमारी कंवर अंक प्रतिशत 98 एवं राज्य में दसवां स्थान तथा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृतिका कुमारी कंवर, हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में पांचवा और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र

शुभ अग्रवाल को टैबलेट, पेन और किताबें प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कलेक्टर श्री वसंत ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करें और जो लक्ष्य है उसे प्राप्त करें। उन्होंने सफलता और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्रतियोगिताओं के लिए अच्छे से तैयारी करने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों के पालकों तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक श्री मनोज पाण्डेय, सहायक संचालक के.आर. डहरिया आदि उपस्थित थे।

डॉक्टर बनना चाहती हैं कृतिका एवं गामिनी, चार्टड एकाउंटेंट बनना चाहते हैं शुभ अग्रवाल -

हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 परिणाम में राज्य में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने कलेक्टर श्री अजीत वसंत से मुलाकात के दौरान अपनी-अपनी अध्ययन तथा लक्ष्य और रूचियों को साझा किया। कलेक्टर ने उन्हें कैरियर संबंधी मार्गदर्शन भी दिए। इस दौरान दसवीं कक्षा में पांचवा और दसवां स्थान प्राप्त करने वाली जिले के होनहार छात्रा गामिनी कुमारी कंवर एवं कृतिका कुमारी कंवर ने कहा कि वह डॉक्टर बनना चाहती हैं।

कक्षा बारहवीं में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाले शुभ अग्रवाल ने बताया कि वह चार्टड एकाउंटेंट बनना चाहते हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा सी.ए.बनने हेतु की जाने वाली तैयारी तथा संस्थानों के विषय में बताया।

उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़े और किसी भी चुनौती से न घबरायें। प्रयास और परिश्रम से सफलता अवश्य मिलती है।

नई कार्यकारिणी के पुनर्गठन के साथ संघर्षशील प्रेरक पंचायत कल्याण संघ की बैठक संपन्न

कोरबा। प्रदेश अध्यक्ष संदीप द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं कोरबा जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार बाजपेयी आदेशानुसार तहसील गार्डन कटघोरा में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुआ।बैठक का मुख्य उद्देश्य 19 मई 2024 को रायपुर में होने वाले संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के साथ बैठक में मजबूती के साथ हिस्सा लेना और सहभागिता निभाना,सोशल मिडिया में एक्टिव रहना,एक्टिव प्रेरक को ही संघ का सदस्यता बनाये रखना तमाम बातो पर चर्चा कर जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। पुन:जिला अध्यक्ष के रूप में रविन्द्र बाजपेयी को पदभार सर्वसहमति सौपा गया।ब्लॉक अध्यक्ष कमान पोंडी उपरोड़ा से, प्रमेंद्र कुमार बानी,पाली ब्लॉक हनीफ खान,करतला ब्लॉक रामकुमार चौहान कटघोरा ब्लॉक दिनेश कुमार,कोरबा ब्लॉक मनोज कुमार साहू इस प्रकार पांचों ब्लॉक से नए कार्यकारिणी का गठन किया गया। यथाशीघ्र अपना लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से जिला के समस्त पदाधिकारीगण एवं प्रेरक एक साथ हरसंभव साथ देने का वचन दिया।

आईपीएस के छात्रों ने 90 प्रतिशत अंक किए हासिल

कोरबा। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल ने इस साल कक्षा 12 की सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। सभी छात्रों की उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम उनके स्वयं की और शिक्षकों की दृढ़ता, समर्पण और अटूट समर्थन के प्रमाण हैं। महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि प्रियांशी पाठक ने आर्ट्स स्ट्रीम में 95 अंक प्राप्त करके डिस्ट्रिक्ट टॉपर के रूप में तथा सर्वोच्च स्कोरर के रूप में उभरी। अपनी इसी असाधारण सफलता की बदौलत पूरे कोरबा जिले में डिस्ट्रिक्ट टॉपर के रूप में प्रियांशी पाठक ने अपनी बुद्धिमत्ता और क्षाबिलियत का लोहा मनवाया। उनकी असाधारण उपलब्धि न केवल उनकी कड़ी मेहनत को दर्शाती है, बल्कि प्रतिबद्ध शिक्षकों। एवं विद्यासलय प्रबंधन द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन को भी दर्शाती है। अपनी खुशी और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, प्रियांशी ने परिणाम पर अपनी खुशी व्यक्त की। प्रियांशी ने कहा कि मैं अपनी इस उपलब्धि हेतु विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य महोदय डॉक्टर संजय गुप्ता,विद्यालय के सभी शिक्षकों,एवं शैक्षणिक प्रभारी श्री सव्यसाची सरकार,प्री प्राइमरी शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सोमा सरकार का हृदय से धन्यवाद देती हूं।जिनके सतत मार्ग दर्शन की बदौलत मुझे यह उपलब्धि मिली।मैं ताम्र इंडस पब्लिक स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों का एहसानमंद रहूंगी। मैं यहां की शैक्षणिक व्यवस्था एवं अनुशासन से पूरी तरह संतुष्ट हूं मेरी उपलब्धि का पूरा श्रेय विद्यालय को देता हूं। यहां के सभी शिक्षक के स्टाफ पूर्णता है समर्पित है और अपने ज्ञान से सतत विद्यार्थियों को तरसते रहते हैं हम कभी भी किसी दुविधा या संसार में होते हैं यहां के शिक्षकों से पूछ कर अपनी दुविधा दूर कर संतुष्ट होते हैं यहां के शिक्षकों का सतत सहयोग हमें मिलता है मैं पुन: हृदय से धन्यवाद

देना चाहूंगी इंडस पब्लिक स्कूल परिवार को।

कॉमर्स स्ट्रीम में, उदित जायसवाल ने 90 प्रतिशत के सराहनीय स्कोर के साथ टॉप 5 में स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता इंडस पब्लिक स्कूल में दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता को रेखांकित करती है। अपनी सफलता से उत्साहित उदित जायसवाल ने अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त किया। उदित ने कहा कि उपलब्धि उनके साथियों के लिए प्रेरणा का काम करती है और इंडस पब्लिक स्कूल की उत्कृष्टता को रेखांकित करती है।सचिन मेहता ने सर्वोच्च अंक प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल के गौरव को और बढ़ा दिया है। ह्यूमैनिटीज में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले तरुण जोशी ने भी विद्यालय के शानदार प्रदर्शन में अपना योगदान दिया। उनकी लगन और शैक्षणिक कौशल सराहनीय है। इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे छात्रों और शिक्षकों की समर्पित टीम दोनों के लिए एक बड़ी जीत माना। भौगोलिक और स्थान संबंधी कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद छात्रों की सफलता उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। प्राचार्य ने छात्रों के प्रदर्शन पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और उनकी क्षमता को निखारने में शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों के भविष्य को आकार देने में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि हमारा सतत प्रयास रहता है कि हम विद्यार्थियों को एक बेहतर शिक्षा दें हम उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। डॉ संजय गुप्ता ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड में उत्तीर्ण सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि हम सतत रूप से प्रयास करते रहें हम प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा भी परिश्रम करते रहें तो यही परिश्रम हमें एक बड़ी जीत दिलाती है ।हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। कक्षा 12वीं की सीबीएसई परीक्षा में छात्रों की सफलता न केवल उनकी शैक्षणिक क्षमता को दर्शाती है, बल्कि समग्र शिक्षा प्रदान करने और भविष्य के लीडर्स को तैयार करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को भी उजागर करती है। इंडस पब्लिक स्कूल, दीपका, शिक्षा में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

बिजली आपूर्ति बाधित, परेशान हैं लोग

कोरबा। छुरीकला नगर क्षेत्र के चरमराई बिजली व्यवस्था से नगरवासियों के सामने पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। एक बाल्टी पानी के लिए दूर से साइकिल में ढुलाई कर पानी लाना पड़ रहा है।

पिछले चार दिन से मौसम में आये बदलाव से आंधी तूफान बारिश होने से नगर क्षेत्र के बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से नगर की पेयजल आपूर्ति ठप पड़ गई है। पानी के लिए लोगों को यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। दूर से साइकिल व अनेक साधनों से पानी ढुलाई करना पड़ रहा है। वहीं वार्ड पार्षद द्वारा पानी व्यवस्था को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। नगर पंचायत स्तर पर टैंकर के माध्यम से सभी वार्डों में पेयजल की आपूर्ति हो रही है जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। दो तीन दिन में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं की गई तो लोगों के सामने पानी की बहुत बड़ी संकट खड़ी हो जायेगी।

लोगों को राहत देने यातायात पुलिस दिखा रही अपने सामाजिक सरोकार

कोरबा। सड़क किनारे पुलिस टीम दिखते ही लोगों के ध्यान में वाहन चेकिंग आ जाता है। ऐसे में कई वाहन चालक घबरा जाते हैं। लेकिन कोरबा पुलिस की टीम तपती दुपहरी में सड़क किनारे यह कार्य नहीं बल्कि नेक कार्य करते हुए राहगीरों को शीतल पेयजल पिला रही है। दरअसल शहर के सर्वमंगला चौक पर सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी के साथ उनकी टीम हाथों में शीतल पेय जल का गिलास लेकर गर्मी में मौसम की मार से राहगीरों को बचाने इस कार्य में जुटी है। शीतल जल पिलाने के बाद यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की जा रही है। पुलिस के इस नेक कार्य का नजारा देखकर आप भी कोरबा पुलिस की सराहना करते नहीं थकेंगे।

विद्यार्थियों की अभिरुचि को बढ़ावा देने लगाया समर कैंप

कोरबा। ग्रीष्म अवकाश में विद्यार्थियों को अच्छी चीज़ सीखाने की मंशा के साथ थॉमस अकैडमी के द्वारा समर कैंप लगाया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस कैंप में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। यहां पर कई विषय के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई और उनका ज्ञान बढ़ाया गया। अकादमी की संचालक सुधा थॉमस ने बताया कि लैंग्वेज डेवलपमेंट के अलावा कई महत्वपूर्ण पहलुओं को हमने इस कैंप में शामिल किया

अस्पताल का दर्जा घटाना निंदनीय :दीपेश

कोरबा। कुसमुंडा तरदा मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण प्रशासन ने अगले 1 महीने के लिए सर्वमंगला रोड को आवागमन के लिए बंद कर दिया है। इस स्थिति में सभी भारी वाहन बालको नगर होकर चलाए जा रहे हैं। इससे 8-8 घंटे जाम की स्थिति पैदा हो रही है। ट्रक ट्रेलर संगठन के द्वारा प्रशासन से मांग की गई है कि दबाव को कम करने के लिए सीएसईबी बुधवारी वाले रास्ते को भी खोला जाना चाहिए। कुसमुंडा तरदा फोरलेन सड़क निर्माण का काम काफी धीमी रफ्तार से चल रहा है। वर्तमान में वहां लगभग 100 मी का एक पेंच बचा हुआ है जिसे पूरा करने के लिए कार्रवाई की जा रही है और इसके लिए भारी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। कोयला परिवहन करने वाले ऐसे सभी वहां अब बालको नगर होकर संचालित किया जा रहे हैं। लंबी दूरी होने और वाहनों की संख्या ज्यादा होने से अब हर दिन कई घंटे का जाम लग रहा है। ट्रक ट्रेलर संगठन के अध्यक्ष सुबोध सिंह ने बताया कि इस व्यवस्था के चक्कर में वाहन चालक भी परेशान हैं और उनके मालिक भी। प्रशासन से हमने मांग की है कि संबंधित क्षेत्र के वाहनों के लिए सीएसईबी चौक से होकर बुधवारी वाले रास्ते को खोल जाना चाहिए। भारी वाहनों के लिए पहले से ही कोरबा क्षेत्र में विकल्प दिए गए हैं लेकिन उनका उपयोग करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है इसके कारण भी समस्याएं बढ़ रही हैं। वाहनों के संचालन के लिए विकल्प देने के साथ ही प्रशासन को यह भी देखना पड़ेगा कि आम नागरिकों को इन सब कर्म से क्या कुछ परेशानी हो सकती है।

भारी वाहन ने दोपहिया को टक्कर मारी, मौके पर एक की मौत

कोरबा। कटघोरा से कोरबा रोड पर जैनेजरा के पास गोड़मा नाला के समीप सुबह 11:30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जहां एक मोटर सायकल सवार को तेज रफ्तार थार वाहन ने जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर के चक्के के नीचे आ गया। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वही बाइक में सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया तथा 6 वर्षीय एक बच्ची को मामूली चोट आई।

हादसे के बाद दुर्घटना कारित थार वाहन मौके से फरार हो गया व ट्रेलर को रोक लिया गया। घटना के बाद स्थानीय राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। और वाहनों का जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना कटघोरा थाना में दी। जहां मौके पर पहुंची कटघोरा पुलिस व 108 वाहन ने घायलों को तत्काल कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया तथा मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार मृतक व घायल एनटीपीसी जमनीपाली पाली निवासी बताये जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया और दुर्घटना कारित थार वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

18 मई को होगी चयन परीक्षा

कोरबा । एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 18 मई 2024 दिन शनिवार को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है, जिसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षार्थी एकलव्य विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन क्रमांक व पिता का मोबाइल नंबर प्रविष्ट कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही जिन विद्यार्थियों के आवेदन अस्वीकृत हुए हैं वे उक्त लिंक पर जाकर आवेदन क्रमांक व पिता के मोबाइल नंबर की सहायता से आवेदन के अस्वीकृत होने के कारण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन के अतिरिक्त प्रवेश पत्र अपने ब्लॉक के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला/लाफापाली/रामपुर पोड़ी-उपरोड़ा एवं प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा से प्राप्त कर सकते हैं।

दादरखुर्द क्षेत्र में अवैध रूप से बनें तीन मकान ध्वस्त

कोरबा। जमीन दलाली और बेजा कब्जा से जुड़े मामलों की संख्या कोरबा में लगातार बढ़ती जा रही है। इसके कारण यहां वहां खाली पड़ी सरकारी जमीन काफी संकट में है। मौका पाकर ऐसी जमीन पर अवैध निर्माण करने से लोग बिल्कुल भी पीछे नही हट रहे है। दादर खुर्द क्षेत्र में एसएलआरएम सेंटर के पास ऐसे ही तीन अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से की गई। इस मौके पर पुलिस की टीम भी मौजूद रही।

अपनी कीमती जमीन कैसे बचाई जाए, यह प्रशासन की सबसे बड़ी चिंता है। कोरबा शहरी क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भविष्य में जमीन की जरूरत पड़ना है। इसके लिय जरूरी है कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज जमीन अपनी जगह पर भी रहे। बीते वर्षों में सरकार की काफी जमीन बट्टे खाते में चली गई। यह सिलसिला बेजा कब्जा के जरिये निर्बाध रूप से जारी है। मौका पाकर जमीन पर कब्जा करने, उसे बेचने से लेकर अवैध निर्माण करने के मामले बढ़ते ही जा रहे है। प्रशासन और नगर निगम की ओर से हालिया कार्रवाई दादर खुर्द मार्ग पर एसएलआरएम सेंटर के पास की गई। खबर के अनुसार यहां शराब दुकान के पास सरकार की जमीन है। जमीन माफियाओं की नजर इस पर लगी हुई थी। हालात को ध्यान में रखते हुए जमीन की घेराबंदी की गई और फिर वहां देखते देखते 3 पक्के मकान खड़े कर दिए। ऐसा अवैध काम करने वालों को अंदेशा भी नही था कि सरकारी जमीन को हथिया कर उस पर किया गया निवेश उन्हें कंगाल कर सकता है। अवैध निर्माण होने की खबर मिलने पर प्रशासन हरकत में आया। जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों की देखरेख में संयुक्त टीम ने अवैध निर्माण को जमीन डोज कर दिया। दादर खुर्द के एसएलआरएम केंद्र के पास सरकारी जमीन को हड़प कर यहां किए गए अवैध निर्माण के बारे में जानकारी मिली है कि सूरज चौहान और एक पुलिसकर्मी ने इस मामले में मुख्य भूमिका निभाई है। उनकी टीम में कुछ और लोगों के होने का भी पता चला है। कहां जा रहा है कि और भी कई क्षेत्र हो सकते हैं जहां पर मौजूद सरकारी जमीन पर दृष्टिपात करते हुए इन लोगों ने टैगिंग कर दी है ताकि उसे जमीन का उपयोग आने वाले दिनों में अपने तरीके से किया जा सके। वैसे भी कोरबा शहरी क्षेत्र में कुआं भट्ठ से लेकर रेलवे स्टेशन के सामने अचंभा पहाड़ी, एसईसीएल की वेस्टर्न क्वायरी , चेक पोस्ट बालको नगर समिति कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां पर सरकारी जमीन को एक तरह से हड़प लिया गया है। जानकार सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान मानस नगर से डेंगू वाला पुल की तरफ जाने वाले बाईपास का जो काम अब रुका पड़ा है उसके आसपास की जमीन को हथियाना के लिए कोशिश की जा रही है। जिला प्रशासन चाहे तो ऐसे इलाकों का सर्वे करने के साथ यहां की जमीन को भविष्य के लिए सुरक्षित कर सकता है ऐसा होने पर ही आने वाले समय में अलग-अलग उद्देश्य की पूर्ति के लिए बनाई जाने वाली परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जाना संभव हो सकेगा

गर्मी की बढ़ी चुभन ,बचाव के लिए कई तरीके अपना रहें लोग

कोरबा। मौसम विभाग में कोरबा सहित कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की है। सूचनाओं में कहा गया है कि अगले तीन-चार दिन तक तापमान में कुछ कमी हो सकती है लेकिन इस दौरान समस्याओं का सामना भी लोगों को करना पड़ सकता है। इधर गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए कोरबा नगर में लोगों के द्वारा उन साधनों पर ध्यान दिया जा रहा है जो राहत देने का विकल्प बन सकते हैं।

ग्लोबल वार्मिंग के अलावा कई और भी कारण है जो हर वर्ष गर्मी के सीजन में तापमान को बढ़ा रहे हैं। बड़ी मात्रा में विकास परियोजनाओं के लिए जंगल को काटने और

सड़कों पर अलग-अलग श्रेणी के वाहनों की बढ़ती संख्या तथा उनके दबाव भी समस्या को बढ़ाने का एक बड़ा माध्यम बना हुआ है। इस प्रकार की चुनौतियों के बीच जीवन चलना ही है। गर्मी में अपना बचाव कैसे किया जाए इसके लिए कोरबा में लोग शरीर को ठंडकता देने वाले फल और अन्य पदार्थ का उपयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही बचाव के साधनों को अपने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मैं और जून में हीट वेव्स लोगों को परेशान कर सकती हैं इसलिए उन्हें विशेष रूप से सतर्कता बरतने की जरूरत है। चिकित्सकों का कहना है कि सावधानी को व्यवहार में शामिल कर लोग समस्या से काफी हद तक बच सकते हैं

सुविधा में कटौती का विरोध, एपीएम को सौपा ज्ञापन

कोरबा। 1 वर्ष में लगभग 65 मिलियन टन कोयला का उत्पादन करने वाले गेवरा क्षेत्र में प्रबंधन के द्वारा नियमित कर्मचारी की सुविधाओं में लगातार कटौती की जा रही है। एक प्रकार से कर्मचारियों को परेशान करने का प्रयास प्रबंधन कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ की गेवरा इकाई ने आजाद चौराहे से इस मामले को लेकर रैली निकाली और प्रबंधन को ज्ञापन सौपने के साथ अल्टीमेटम दिया। संगठन ने कहा है कि अगर इस प्रकार की नीति को बंद नहीं किया गया तो आगे कठोर निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कुल लक्ष्य की 60म से भी ज्यादा मात्र की पूर्ति कोरबा जिले की कोयला खदानों से ही हो रही है। कोरबा जिले में एसईसीएल के चार क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 20 खदानें चल रही हैं और इनके माध्यम से कंपनी को प्रतिवर्ष हजारों करोड़ की कमाई हो रही है। मेगामाइंड्स का योगदान इस मामले में सबसे ज्यादा है। इतना सब कुछ होने पर भी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड से मैसेज गेवरा क्षेत्र के कर्मचारियों की सुविधाओं में लगातार कटौती करते हुए उन्हें परेशान करने में बड़ा हुआ है। भारतीय मजदूर संघ की गेवरा इकाई ने इसी मामले को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। गेवरा के आजाद चौराहा से होते हुए कार्यकर्ताओं ने सीजीएम कार्यालय टकरायली निकाल जहां पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को ज्ञापन सोपा गया। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि वेतन को छोड़कर दूसरी सुविधाओं के बारे में अधिकारियों का ध्यान अपने नियमित कर्मचारियों पर है ही नहीं। हमारे द्वारा ज्ञापन सपना के साथ आगे की रणनीति के बारे में सभी चीज स्पष्ट कर दी गई है। भारतीय मजदूर संघ ने कर्मचारी हित को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है और प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है कि अगर उसने अपना रवैया नहीं बदल दो आगे सहयोग शुरू कर दिया जाएगा ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाले सभी हालात के लिए प्रबंधन के अधिकारी जिम्मेदार होंगे

फर्जी पट्टा के आधार पर जमीन को कब्जाया, मौके पर पुलिस कर्मी का रिश्तेदार कर रहा निर्माण

जांजगीर चांपा। नगर पंचायत शिवरीनारायण के बायपास रोड़ बैराज मोड़ के पास एक आरक्षक द्वारा अपने साले के नाम पर फर्जी पट्टा बनवाकर बेस कीमती सरकारी जमीन पर कब्जा कर पक्का मकान निर्माण कराया जा रहा हैं। आरक्षक का हौसला इतना बुलंद हैं कि उसने मकान बनाने के लिए नगर पंचायत से एनओसी नही ली है।

सरकारी जमीन पर हो रहे कब्जे की जानकारी जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को भी है लेकिन आरक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करने उनके हाथ पैर कांप रहे हैं। आरक्षक द्वारा ज्यादा मिस्त्री और मजदूर लगाकर सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य धड़ल्ले से कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक राजू पण ने अपने साले राजेशा कश्यप पित्र स्थलांत के नाम से राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत का नियम विरुद्ध सरकारी जमीन का पट्टा बना है। उक्त जमीन का पट्टा पूरी तरह से फर्जी है क्योंकि राजेश कश्यप को भूमि पर पट्टा जारी किया गया है. जबकि आरक्षक राजू कश्यप द्वारा खसरा नंबर 741 में मकान बनाया जा रहा है। इस मामले पर जब जानकारी ली गई तो शिवरीनारायण तहसील के आरआई किशोर सिदार ने भी ये बात स्वीकार किया कि आरक्षक द्वारा जारी पट्टा पूरी तरह से फर्जी है और पट्टे में जिस खसरा नंबर का जिक्र है स्थान को छोड़कर अन्य खसरा नंबर की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार विभाग के उस अधिकारी इतने बड़े मामले में चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। सरकारी जमीन में हो रहे कब्जे में नगर के कुछ छुटभय्ये नेताओं का संरक्षण भी आरक्षक को प्राप्त है जिनके दम पर आरक्षक नियम विरुद्ध सरकारी जमीन पर निर्माण करा रहा है। नियम विरुद्ध जारी हो गया है।

आरक्षक ने अपने साले, राजेश कश्यप के नाम पर राजस्व विभाग के अधिकारियों से किसी तरह जमीन का पट्टा बनवा लिया। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भी नियमों को अनदेखी कर पट्टा बांटा है। पट्टा को आरक्षक राजू कश्यप ने पैसे के दम पर जिस खसरा नंबर 731/क को सरकारी जमीन पर पट्टा बनवाया है वह स्थान समतल भूमि थी।

छात्रा अनुपस्थित और लिपिक लिख रहे थे उत्तर पुस्तिका

उड़न दस्ते ने रंगे हाथों पकड़कर अजय माला किया जब्त

जांजगीर चांपा। पामगढ़ संत शिरोमणि गुरु घासीदास कालेज में एक छात्रा की उत्तर पुस्तिका कालेज के लिपिक द्वारा केंद्राध्यक्ष के समक्ष लिखा जा रहा था, छात्रा अनुपस्थित थी। विश्वविद्यालय के उड़नदस्ते ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ा और उसकी रिपोर्ट भी विश्वविद्यालय को भेज दी गई है। इसके बाद भी विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है. और कालेज में केवल एक आवाजवर्ब भेजकर अपनी जिम्मेदारी की खानापूर्ति कर ली है।

जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ में संत शिरोमणि गुरु घासीदास कालेज संचालित है। 10 मई को कालेज में बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा संचालित हो रही थी। पर्यावरण विषय की परीक्षा में कसडोल की प्राइवेट छात्रा इंदू साथ अनुपस्थित थी और कालेज में उसे उपस्थित बताकर उसकी उत्तर पुस्तिका में कालेज का ही एक लिपिक अजय मारता देखकर उत्तर लिख रहा था। हद तो तब हो गई कि मौके पर उस पाली के केंद्राध्यक्ष कमाल जीत राय पास ही बैठे थे और उनकी जानकारी में यह सब हो रहा था। इसी दौरान शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ द्वारा गठित उड़नदस्ता वहां पहुंचा और लिपिक को छात्रा की उत्तर पुस्तिका लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके पास से पर्यावरण अध्ययन का अजय माला भी जब्त किया गया। जब उड़नदस्ता की टीम ने उपस्थिति पत्रक में छात्रा का हस्ताक्षर का मिलान किया तो उसमें भी हस्ताक्षर में अंतर मिला। संबंधित कक्ष में जाकर जब छात्रा के नंबर की जांच की गई तो यह जगह खाली थी।

परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 271496 रोल नंबर की छात्रा उस दिन अनुपस्थित थी जबकि उसके नाम से जारी उत्तर पुस्तिका में उसके हस्ताक्षर भी मिले।

यह हस्ताक्षर भी अटेस्टेस्टेसन फार्म से अलग था। इस पूरे मामले की जानकारी उड़नदस्ते की टीम ने विश्वविद्यालय को दी है और मामले में उचित कार्रवाई की अनुशंसा की है। अब इस कालेज में कब से यह खेल चल रहा है यह वृहद स्तर पर जांच का विषय है। संबंधित खरजी के अन्य विषयों की उसर पुस्तिका के हैंड राइटिंग की जांच हैंड राईटिंग एक्सपर्ट से कराए जाने पर सारी सच्चाई सामने आएगी।

रोजगार कार्यालय में 17 मई को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

जांजगीर-चांपा। जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा द्वारा 17 मई 2024 दिन शुक्रवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से रोजगार कार्यालय, जांजगीर चांपा में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैम्प में टाटा मोटर्स जेडी आटोनेशन, जांजगीर द्वारा टीम लीडर के 02 एवं सेल्स एक्जिक्यूटिव के 10 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद के लिए निर्धारित योग्यता स्नातक उत्तीर्ण निर्धारित की गई है एवं उक्त पदों के लिए मानदेय 10 हजार से 25 हजार निर्धारित है एवं कार्यक्षेत्र जांजगीर चांपा निर्धारित है। इच्छुक युवा उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होना चाहते है वे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा रोजगार पंजीयन के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित हो सकते है एवं अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

सीबीएसई 10 वीं परीक्षा में विशेष दूबे ने प्राप्त किए 86 प्रतिशत अंक

जांजगीर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। CBSE की बोर्ड परीक्षा में इस साल 12वीं में 87.98 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 0.65 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं कक्षा 10वीं में 93.60 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं जो पिछले साल की तुलना में 0.48प्रतिशत ज्यादा है। इधर, रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यार्थी और स्कूल स्टॉफ लगातार रिजल्ट का एनालाइसिस करने में लगे हुए हैं। वहीं जांजगीर चांपा जिले के लोट्स पब्लिक स्कूल के छात्र विशेष दूबे पिता धनंजय दूबे निवासी अमोरा विकासखंड अकलतरा ने कक्षा 10वीं में 86 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार व गुरुजनों का मान बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि से परिवार के चेहरे में खुशी है। उनकी मां विनीता दूबे ने बताया कि विशेष आगे चलकर जेईई की परीक्षा क्लियर करना चाहता है। जिसको ध्यान में रखकर तैयारी कर रहा है।

अवैध परिवहन करने वालों से विभाग ने वसूले 42 लाख की अधिक रॉयल्टी

हेमंत चेरपा के नेतृत्व में विभाग के कार्यों में आईं कसावट

जांजगीर चांपा। जिले में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन को रोक लगाते हुए बीते वर्ष की तुलना में बड़ी कार्रवाई की है। बतौर जुर्माने के तौर पर खनिज विभाग ने 41 लाख 89 हजार से अधिक रकम की वसूली की है। वहीं मौजूदा वित्तीय वर्ष के तीन माह में विभाग ने 57 लाख 48 हजार की

वसूली कर 41 लाख 89 हजार रुपए अधिक का राजस्व विभाग को दिया है। वैसे तो जिस दिन से खनिज विभाग के अधिकारी हेमंत चेरपा ने यहां जिला खनिज अधिकारी का दायित्व संभाला है तब से लेकर खनिज विभाग में एक गतिशीलता आ गई है जहां उनके नेतृत्व में खनिज विभाग के अधिकारी हमेशा सजग कार्य कर विभाग को चूना लगाने वाले लोगों को हमेशा लक्ष्य बनाकर चलते रहे हैं यही कारण है कि समय-समय पर अवैध परिवहन एवं उत्खनन करने वाले लोगों के विरुद्ध अनवरत कार्रवाई की जाती रही है और उनसे बतौर पेनाल्टी की राशि राजस्व के रूप में वसूली कर विभाग को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाता रहा है।

इसके पहले जिले में आबाद गति से अवैध खनन एवं परिवहन का कार्य जोरो से चलते रहा है विशेष कर खनिज माफिया एवं रेट माफिया हमेशा विभाग को चूना लगाने के

लिए बिना रायल्टी के खनिज संसाधनों का परिवहन कर खनिज विभाग को चूना लगाते रहे हैं किंतु जब से जिला खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा यहां पदस्थ हुए हैं तब से प्रर रोक लगने लगा है। वही उनके नेतृत्व में लगातार जब समय-समय पर छापे मार कार्रवाई की जाती रही ।

जो परिवहन टेकेदार एवं क्रेशर संचालक रेत, गिट्टी का परिवहन का कारोबार धड़ल्ले से चला रहे थे ऐसे लोगों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाकर एवं छापेमारी कर आर्थिक रूप से दंडित किया गया है जिससे खनिज विभाग को अधिक रुपए की रॉयल्टी प्राप्त हुई है। बीते साल तीन माह में जहां खनिज विभाग ने 15 लाख रुपए की पेनाल्टी वसूल की थी वहीं इस वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 41 लाख रुपए जा पहुंचा है।

जांजगीर-चांपा जिले में रेत गिट्टी का कारोबार लगातार बढ़ते क्रम में है। इससे अंदाजा खनिज विभाग के आंकड़ों से लगाया जा सकता है। बीते वर्ष की तुलना में मौजूदा वित्तीय वर्ष में खनिज विभाग ने 41 लाख रुपए अधिक कमाई हैं। आगे भी इस तरह की कार्रवाई की जाती रहेगी ऐसा उनके कार्यप्रणाली से लगता है। बाहर हाल वर्तमान जिला जिला खनिज अधिकारी के नेतृत्व में विभाग आर्थिक रूप से मजबूत होते जा रहा है वहीं अवैध परिवहन तथा उत्खनन करने वाले लोगों के बीच में दहशत घर करने लगी है।

डीपीएस सीबीएसई 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

चांपा। केन्द्रीय माध्यमिक - शिक्षा बोर्ड द्वारा सोमवार को घोषित कक्षा दसवीं व बारहवीं के परिणाम में %दिल्ली पब्लिक स्कूल जांजगीर-चांपा के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया। कक्षा दसवीं व बारहवीं सीबीएसई बोर्ड के 13 मई, 2024 को घोषित परीक्षा परिणाम में समस्त जांजगीर-चांपा जिले को गौरवान्वित करते हुए कक्षा 10वी की छात्रा समीक्षा साहू ने 95.8 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसी तरह द्वितीय स्थान जाह्नवीं घृतलहरे ने 94.6 - प्रतिशत एवं तृतीय स्थान अंबेषा जायसवाल ने 94 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 6 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी क्रम में खुशी साव 93.2 प्रतिशत, ख्वाईश शेख 93 प्रतिशत तथा प्रद्योत पाण्डेय ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ

उच्चतम स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं के छात्र श्रेय सोनी ने 94.2 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान साहिल मोदी ने 92.2 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान मानस मिश्रा ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकिशोर देवांगन एवं विद्यालय की प्राचार्या कल्पना सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मारवाड़ी युवा मंच एवं महिला स्पंदन ने नर्सों का किया सम्मान

चांपा । जन्म लेने से मृत्यु तक मां ही होती है, जो अपने बच्चों को सहज के रखती है, उनका ध्यान रखती है, उनको इस दुनिया के तौर तरीके सिखाती है। पर जन्म लेने के बाद अस्पताल में कुछ दिनों तक का जो सफर होता है, उसमें मां और बच्चे दोनों का ध्यान नर्स एवं माताओं द्वारा रखा जाता है। ये भी कहा जा सकता है कि बच्चे के जन्म के बाद नर्स भी मां के समान बच्चे का ध्यान रखती है। ये सोचकर देखिए की मातृ दिवस और नर्स दिवस दोनों एक साथ है। इसी सोच के साथ 12 मई रविवार को मारवाड़ी युवा मंच एवं महिला स्पंदन द्वारा चांपा के एक नर्सिंग हॉस्पिटल जेजीएम अस्पताल की नर्स बहनों व माताओं को पुष्पगुच्छ प्रशस्ति पत्र एवं एक पेन देकर सम्मान किया गया। इसके बाद केक कटवाकर उनके साथ कुछ समय भी बिताया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शलभ अग्रवाल, सचिव रजत चौधरी, सदस्यों में प्रकाश अग्रवाल, राज अग्रवाल, अंकित मोदी, निखिल अग्रवाल, अमन अग्रवाल, निखिल जालान, महिला शाखा से अध्यक्ष श्वेता मोदी, सचिव श्वेता अग्रवाल, सदस्यों में सालिनी शर्मा, कंचन वैष्णव, कांता सोमानी अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी का सीबीएसई हाई स्कूल परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत्

जांजगीर नैला। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर मैं अध्ययनरत कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं सी बी एस ई बोर्ड में वर्ष 2023-24 की परीक्षा में सभी छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत् रहा। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी के विद्यार्थियों ने शिक्षार्जन के क्षेत्र में शिक्षक-शिक्षिकाँओ के मार्गदर्शन में इस सर्त्प्रि पुनः अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराया।

जिसका परीक्षा परिणाम सी.बी.एस.ई न्यू दिल्ली द्वारा दिनांक 13.05.2023 को घोषित किया गया जिसमें सभी छात्र छात्राओं में अपना शत प्रतिशत रिजल्ट प्रदान किया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, माता-पिता एवं विद्यालय परिवार के नाम समर्पित किया।

सर्वश्रेष्ठ पांच छात्रों के परीक्षा परिणाम कक्षा-10वीं - प्रथम स्थान पर कु. आस्था पटेल, द्वितीय स्थान पर अदिति रूपवानी, एवं तृतीय स्थान पर भाव्या राठौर, चतुर्थ स्थान में आर्यन शर्मा एवं पंचम स्थान में मुक्तिका देवांगन ने अपना स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में कक्षा- 12वीं में प्रथम स्थान पर आर्यन मितल द्वितीय स्थान पर कृष्णा शर्मा, एवं तृतीय स्थान पर मोहम्मद आयन, चतुर्थ स्थान में

भूमि बजाज एवं पंचम स्थान में मोहम्मद ओवेश अंशारी ने अपना स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्रबंधक आलोक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, श्रीमती बबिता धानुका, श्रीमती प्रणिता अग्रवाल, श्रीमती संध्या अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, रोशैल अग्रवाल विष्णु धानुका व प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह, एवं समस्त प्रबंधन समिति, पालक सलाहकार समिति, फीस निर्धारण समिति एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह ने सर्वप्रथम समस्त छात्र छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिये बधाई प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाओं के साथ उन्हें भविष्य में उन्हें कैरियर हेतु विषय चुनने के लिये बधाई प्रदान की और बताया की ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर को सर्त्2020-21 में हायर सेकेंडरी की कक्षाओं का संचालन के लिए विषय वाणिज्य, कला, विधि, गणित, आई.टी तथा फिजिकल ऐजुकेशन की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्रदान किया गया है। आगामी सर्त्2024-25 में कक्षा- 12वीं से विज्ञान व गणित विषय के लिये मान्यता के लिये आवेदन संचालक श्री आलोक अग्रवाल व प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के द्वारा दिया जा चूका है जिसका मान्यता आना शेष है ताकि शाला के छात्रों को विषय चुनाव सम्बधित समस्या का सामना ना करना पड़े।

इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान किये।

संयोग ने सीबीएसई 10वीं में अर्जित किए 94 प्रतिशत अंक

जांजगीर चांपा। सीबीएसई सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 10 वीं के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संयोग पांडेय ने स्कूल सहित परिवार का गौरव बढ़ाया है । वे लायंस डीएवी स्कूल अकलतरा में अध्ययनरत है। उन्होंने आज घोषित परिणाम 94 प्रतिशत अंक अर्जित किया है तथा सभी विषयों में उसे ए ग्रेट मिला है । मूलतः डोंगाकोहरौद निवासी श्रीमती माधुरी दिनेश्वर प्रसाद पांडेय के दो पुत्रों में छोटे पुत्र हैं जो अभी अकलतरा में रहते हैं । उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्कूल शिक्षकगण , पारिवारिक जन , स्नेही मित्रों ने उन्हें बधाई दी है और अग्रिम उज्ज्वल भविष्य की कामना किए हैं ।

कुथुर मोड़ पर बेकाबू वाहन दुर्घटनाग्रस्त

जांजगीर। पामगढ़ से जिला मुख्यालय जांजगीर को जोड़ने वाली सड़क में करीब दर्जन भर स्थान पर खतरनाक मोड़ है। इन मोड़ों पर दूसरी ओर से आ रही गा?ड़ियां भी नजर नहीं आती है। सबसे अधिक खतरनाक कुथुर के प्रायमरी स्कूल के पास का टर्निंग है। यह टर्न करीब 85 ?डिग्री है। इस मोड़ के दूसरी ओर दुकानें हैं तो एक साइड स्कूल की बाउंड्री है, सड़क भी ढलान वाली है। इसी खतरनाक मोड़ में रविवार की रात कोयला लेकर जा रहा ट्रेलर पलट गया। ड्राइवर ने बताया कि रात करीब 11.30 बजे वह कोयला लेकर बलौदाबाजार जा रहा था, रास्ते में गाय आ गई और उसे बचाने के प्रयास में ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया।

मौसम की बेरूखी से आम की पैदावार बाधित

जांजगीर। फलों के राजा आम ने बाजार में दस्तक दे दी, लेकिन बाजार में ज्यादा नजर नहीं आ रहे हैं। इसकी दो वजह है। यह साल आम का ऑफ ईयर है, यानी इस बार आम की पैदावार कम हुई। दूसरी वजह बार-बार बिगड़े मौसम के कारण इस साल नर्सरियों में पैदावार कम हुई है।

अमरूआ में नाराज पिता ने बेटे को किया जख्मी

देवरी-चांपा। सारागांव थाना क्षेत्र के अमरुवा में एक बुजुर्ग ने अपने बेटे पर सरोते से हमला कर घायल कर दिया है। बुजुर्ग के दो बेटे हैं दोनों बेटे ने पिता के भरण पोषण के लिए 15-15 दिनों की पारी बांध रखी है। इसी पारी के बीच बुजुर्ग का बड़े बेटे से विवाद हो गया और 85 वर्ष के बुजुर्ग ने अपने बेटे पर तब सरोते से कई बार हमला कर दिया, जब वह सोया था। घटना के बाद घायल को परिजन इलाज करवाने के लिए चांपा अस्पताल लेकर आए यहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया है। सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरुवा निवासी अमृत लाल बरेठ उम्र 64 वर्ष 12 मई की रात लगभग 8 बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोया हुआ था। रात के समय उसका पिता रामेश्वर बरेठ अपने बेटे अमृत लाल बरेठ कमरे के अंदर आया और विवाद करते हुए सरोता से कान, गला सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर वार कर दिया।

जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल जांजगीर का परिणाम रहा उत्कृष्ठ

जांजगीर चाम्पा। हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल जांजगीर का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा सर्वोत्कृष्ट ।

को सी. बी. एस. सी. द्वारा कक्षा बारहवीं एवं दसवी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जिले के हरिराम गट्टानी मेमोरियल जय भारत इग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर उत्कृष्ट अंक प्राप्त विद्यालय का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया।

जय भारत स्कूल के शिक्षकों ने अन्य गतिविधियों के साथ-साथ पढाने में कोई कसर नहीं छोडी जिसके परिणामस्वरूप छात्र-छात्राओं ने सभी विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में विद्यालय की छात्रा सीम्या नामदेव ने (विज्ञान संकाय) में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया एवं श्रेया अग्रवाल (वाणिज्य संकाय) में 94.2 प्रतिशत अंको के साथ बिजनेस स्टडी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में नैतिक गुप्ता 92.4 प्रतिशत हर्षिता रामवानी 90.8प्रतिशत , देवेश साहू 89.8प्रतिशत , पलक शर्मा 89प्रतिशत , कृश मकाडिया 90प्रतिशत , युवराज मकाडिया 89.2प्रतिशत अंको के साथ जिले में अपना श्रेष्ठ स्थान बनाया। साथ ही साथ कक्षा दसवी में अंकित शर्मा 92प्रतिशत , माही राठौर 91.4प्रतिशत , पियूस श्रीवास 91प्रतिशत , प्रगति गोस्वामी 90प्रतिशत , आसु गुप्ता 89.6प्रतिशत , प्रतीक्षा सिंह 88.4प्रतिशत . अनिकेत राठौर 86.8प्रतिशत . कृतिक गोपाल 85.6प्रतिशत , आयुस पाडे 84.6प्रतिशत , देवराज यादव 83.8प्रतिशत अंको के साथ जिले मे अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के संस्थापक अशोक कुमार गट्टानी तथा श्रीमति गंगा गट्टानी एवं प्रबंधक अजय कुमार गट्टानी तथा श्रीमति सुनीता गट्टानी एवं विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति जी. के. धंजल के द्वारा विद्यार्थियों को शुभाषीश देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला- कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र/बी-121/2023-24
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमाकान्त गौतम पिता स्व. रामभिमत गौतम जाति ब्राह्मण, निवासी ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोरबा प.ह.नं.16 रा.नि.मं. कोरबा के द्वारा अपने पुत्री मृदुला गौतम के लिए केंद्र सरकार के अंतर्गत लोक सर्वा एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपने एवं संपत्ति प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 29/05/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का भुगतान न होने से निर्माण कार्य में अड़चने, परेशान आवेदक ने चाही इच्छा मृत्यु

जांजगीर-चांपा। जांजगीर-चांपा जिले में एक महिला ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को आवेदन देकर इच्छामृत्यु की मांग की है। महिला ने बताया की साल 2020 में पीएम आवास पास हुआ था, जिसमे पहले किस्त की राशि दी गई थी जिसके बाद अब तक दूसरे किस्त की राशि नहीं देने पर आवास का काम रुका हुआ है।

जानकारी के अनुसार, नगर पालिका जांजगीर नैला पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 11 की रहने वाली पार्वती श्रीवास का साल 2020 में पीएम आवास के लिए नाम सूची में शामिल हुई थी। इसके बाद पुराने मकान को तोड़कर नया मकान बनाना शुरू किया गया।

जारी नहीं हुई दूसरी किस्त, मकान का काम अधूरा

इसमें एक किस्त की राशि करीब 56

हजार 500 रुपए दिनांक 16 अक्टूबर 2022 को खाते में जमा की गई। इसमें मकान का कुछ हिस्सा बना। इसके बाद पीएम आवास का पैसा आना बंद हो गया। महिला ने अधूरे घर को पूरा करने के लिए जान-पहचान, रिश्तेदार और बहू के गहने को गिरवी रख कर काम चालू किया, लेकिन इसमें भी मकान का काम पूरा नहीं हो पाया और अधूरा पड़ा हुआ है।

नगर पालिका के लेखा शाखा में अधिकारी ने की बेइज्जती, दी धमकी

महिला का कहना है कि नगर पालिका में दूसरे किस्त की राशि के लिए कई बार लिखित और मौखिक रूप से पैसे देने की मांग की गई। मगर नगर पालिका के लेखा शाखा में पदस्थ ज्ञानेद्रे कुर्रे ने कई बार अपशब्द का प्रयोग कर बेइज्जत किया है और दफ्तर से भगा दिया गया। वहीं दस्तावेजों को जला देने की बात कही हैं। दूसरे किस्त की राशि जारी करने के एवज में पैसे की मांग भी की गई है।

बिना कमीशन के दूसरे किस्त की राशि नहीं देने की धमकी भी दी गई है। महिला का कहना है कि अधूरा मकान निर्माण के चलते परिवार को किराए के मकान में रहना पड़ रहा है। इससे परेशान होकर विधवा महिला पार्वती श्रीवास ने आत्महत्या करने का विचार आते रहे है। जिससे विधवा महिला ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर इच्छा मृत्यु की मांग की है।

नगर पालिका सीएमओ को जांच के निर्देश दिए गए

इस मामले में अपर कलेक्टर एसपी वैध का कहना है कि वार्ड नंबर 11 की रहने वाली महिला पार्वती ने इच्छा मृत्यु की स्वीकृत करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को आवेदन दिया है। इसमे उन्होंने पीएम आवास का पैसा नहीं मिलने की बात का जिक्र किया है। नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि प्रतिवेदन की जांच कर उचित कार्रवाई करे।

फ्लाईएश से भर दिया तालाब निस्तार में समस्या

डभरा। नगर पंचायत डभरा के नया बस स्टैंड के पास स्थित दर्री तालाब को नगर पंचायत द्वारा बिना अनुमति के फ्लाईएस से पाटा जा रहा है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तालाब सरोवर और अन्य जल स्रोतों को पाटने पर रोका लगाई गई है।नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष एवं सीएमओ की मनमानी के चलते बरसो पुराने पनखुत्री दर्री तालाब का गहरीकरण एवं जीर्णोधार करने के बजाय जबरन कंपनी के राखड़ से पाटा जा रहा है।

अनमोल वचन.....

शालीनता से बात करिए जनाब
इज्जत मुफ्त में मिलेगी!

अंतिम मुहर परिणाम ही होगा

अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आते ही ताल ठोकने लगे हैं। वे भाजपा नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावनाओं पर संशय पैदा कर रहे हैं। उनकी तर्ज पर गारंटीमय हो रहे हैं। कल रविवार को उन्होंने लोक-लुभावनी 10 गारंटी दीं, वे भाजपा के लिए-खुद उनके लिए भी-तलवार की तेज धार होने वाली हैं। इनमें अन्यों की तरह ही कुछ अतिवाद हैं। जैसे चीन से जमीन लेना, दो करोड़ रोजगार देना और हर घर को बिजली एवं गरीबों को मुफ्त बिजली देने की घोषणा। पर यह कांग्रेस के घोषणापत्र के साथ मिलकर भाजपा का घेराव बनाती है। चुनाव प्रचार के जिस एकल ध्येय से सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी, उसमें वे धार दे रहे हैं। मोदी को उन्हीं की बोली-बानी और कार्यशैली में जवाब दे रहे हैं। तो क्या इसीलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया था ताकि वे गुजरात में विकल्प का अर्थ न बन सकें। वस्तुतः ऐसा है नहीं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी गिरफ्तारी को वैध माना है। आबकारी मामले के मेरिट पर भी प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है। उनको दो जून को समर्पण का आदेश दिया है।

जब यह सब है ही तो फिर अंतरिम जमानत क्यों। कोर्ट का कहना है कि वे आदतन अपराधी नहीं, चुने सीएम हैं, चुनाव पांच साल में आता है। प्रचार करने देने में कोई हर्ज नहीं है। फिर झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन पर इसी नजरिए से विचार क्यों नहीं हुआ जबकि चुनाव उनकी भी पार्टी लड़ रही है? न्यायालय का यह 'सेलेक्टिव एप्रोच' आम जनमानस को पच नहीं रहा है। इसलिए भी कि ईडी की इस ठोस दलील की उपेक्षा की गई है कि तब हरेक विचाराधीन राजनीतिक कैदी को चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर करना होगा। इससे जमानत का नया आधार बनेगा। इससे समानता के सिद्धांत का विभाजन होगा। केजरीवाल की अंतरिम रिहाई इसलिए अटपटी लग रही है। अब इसका राजनीतिक-न्यायिक संदेश जो भी हो, पर दिल्ली के मुख्यमंत्री बाहर हैं। वे इंडिया गठबंधन के मजबूत और विजयी होने की अवधारणा बनाने में राहुल गांधी की आक्रामकता से मिलकर अपना योगदान दे रहे हैं। तीन चरणों के चुनावों में मतों की गिरावट में भाजपा की अंदरूनी लड़ाई और मोदी के भाषणों में उठाए मुद्दों के आधार पर जो परिदृश्य बन रहा है, वह सत्ता-प्रतिष्ठानों के तमाम अंगों पर पड़ने वाले दबावों को जाहिर करता है। जनता के संदर्भ में एक नए आकलन पर विचार शुरू होने का संकेत देता है। विपक्ष के लिए यह सांत्वना है। पक्ष-विपक्ष के आशीर्वाद पर अंतिम मुहर परिणाम ही होगा।

कैंपस से कैपिटल तक: विरोध प्रदर्शनों ने अमेरिकी राजनीति को हिलाकर रख दिया

अमेरिका में ग्रेजुएशन सीज़न शुरू हो रहा है, एक जीवंत अवधि जब गाउन पहने जाते हैं, मोर्टारबोर्ड और पार्टियाँ फेंकी जाती हैं, और छात्र दुनिया में कदम रखने का जश्न मनाते हैं। हालाँकि, इस साल गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई के खिलाफ छात्रों के विरोध के कारण कैंपस के कई कार्यक्रम रद्द किए जा रहे हैं। फ़िलिस्तीनी समर्थक विरोध प्रदर्शनों के कारण कुछ दीक्षांत समारोह बाधित हुए हैं। जब सार्वजनिक नैतिकता में सुधार की आवश्यकता होती है, तो छात्र अक्सर हस्तक्षेप करते हैं जबकि राजनेता भू-राजनीतिक निवेशों से चिपके रहते हैं।

बिडेन प्रशासन के पास नागरिकों के खिलाफ इजरायली रक्षा अभियानों को रोकने या कम करने का अधिकार है, लेकिन उसने ऐसा नहीं करने का फैसला किया है। पुराने सहयोगी की रक्षा करने में निष्क्रियता ने अब युवाओं को अलग-थलग कर दिया है। अक्टूबर 2023 के बाद, जब हमास के हमलों ने हिंसा का मौजूदा चक्र शुरू किया, तो अमेरिका में इजरायली प्रतिक्रिया की आलोचना अपमानजनक थी। अमेरिकी यहूदी समूहों ने इजरायली कार्रवाई के विरोध को यहूदी-विरोध के बराबर बताते हुए प्रचार अभियान चलाया। हार्वर्ड विश्वविद्यालय परिसर का चक्कर प्रतिदिन एक प्रोपेलर विमान द्वारा लगाया जाता था जिसके पीछे एक बैनर लगा होता था जिस पर लिखा होता था। हार्वर्ड यहूदियों से नफरत करता है। आज, वही परिसर फ़िलिस्तीन के पक्ष में कब्ज़ा-जैसे आंदोलन का स्थल है। हार्वर्ड यार्ड, विश्वविद्यालय का पुराना केंद्र, दुनिया भर के उन परिवारों के लिए एक पर्यटक आकर्षण है जो अपने बच्चों को रखना चाहते हैं। आज, इसे इस डर से बंद कर दिया गया है कि टेंट वाले क्षेत्र में उनकी संख्या बढ़ जाएगी। निगरानी हेलिकॉप्टर ऊपर चक्कर लगाते हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन युवाओं में हो रहे इस बदलाव को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं। गुरुवार को, उन्होंने कहा कि इज़राइल रक्षा बलों द्वारा राफा पर पूर्ण पैमाने पर हमला देश को अमेरिकी सैन्य सहायता रद्द कर देगा। यह बहुत कुछ कह रहा है क्योंकि दोनों देशों के बीच संबंध बिना शर्त रहे हैं, कम से कम अमेरिकी अर्थव्यवस्था, शिक्षा और कला में यहूदी पेशेवरों और उद्यमियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति के कारण नहीं। लेकिन घरेलू भावनाओं को यह रियायत उन हफ्तों के बाद मिली जब यह छात्रों की आवाजाही पर खुला मौसम था। इस पर अव्यवस्थित होने का आरोप लगाया गया. दरअसल, कैलिफोर्निया से न्यू इंग्लैंड तक, विश्वविद्यालयों द्वारा इज़रायली हितों से बंदोबस्ती और शुल्क का विनिवेश करने और सरकार से कर डॉलर के साथ सैन्य कार्रवाई का वित्तपोषण बंद करने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है। -एक पैसा भी नहीं, एक पैसा भी नहीं यह नारा सड़कों पर सबसे अधिक बार सुना जाता है, हालांकि नदी से समुद्र तक को कवरेज में सबसे अधिक बार उद्धृत किया गया है। विडम्बना यह है कि आन्दोलन को अत्यधिक संगठित होने के कारण भी अपमानित किया गया। लोग शिकायत करते हैं कि छात्र शिविरों में सभी तंबू एक जैसे दिखते हैं, जिससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि संगठित हित, शायद राजनीतिक दल, आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। यह बिल्कुल भी कोई तर्क नहीं है. भारत में, पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली से लेकर सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य तक सभी वर्गों के नेता पार्टियों द्वारा समर्थित छात्र राजनीति के कायल हैं। यह आम है। विनिवेश की छात्रों की मांग की अपनी समस्याएं हैं। अधिकारियों का तर्क होगा कि रूसी तेल जैसे एकल उत्पाद के खिलाफ प्रतिबंधों के विपरीत, इसे लागू करना असंभव है (और यह भी काम नहीं करता है)। निवेशकों के लिए वैश्विक वित्त में इतना गहरा अंतर्संबंध है कि वे हर इज़राइल लिंक को पहचान नहीं सकते और उसे अस्वीकार नहीं कर सकते। लेकिन विनिवेश प्रभावी है। दक्षिण अफ्रीका से विनिवेश के लिए अमेरिकी परिसरों में दशकों तक चले आंदोलन ने, जो 1980 के दशक में चरम पर था, रंगभेद को समाप्त करने में भूमिका निभाई। यह सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है. इस सप्ताह भारत में, अशोक विश्वविद्यालय के छात्रों ने अधिकारियों से तेल अवीव विश्वविद्यालय के साथ संबंध तोड़ने का आग्रह किया। विनिवेश के साथ-साथ संस्थागत संबंधों का टूटना इजरायली परिसरों को धूमिल कर देगा। अनुसंधान बेहद सहयोगात्मक हो गया है और कई देशों के दर्जनों लोग एक ही पेपर का श्रेय साझा कर सकते हैं। 2015 में, हिम्स बोसोन के द्रव्यमान का बारीकी से आकलन करने वाले एक पेपर में 5,154 लेखक थे, जो वर्तमान विश्व रिकॉर्ड है। लेकिन एक बहुत ही संकीर्ण क्षेत्र पर विचार करें, जैसे कि एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी का उपयोग करके राइबोसोम पर शोध, जिसके लिए वेंकी रामकृष्णन ने 2009 में नोबेल जीता था।

इस क्षेत्र में बहुत कम लोग काम करते हैं, लेकिन फिर भी रामकृष्णन ने अपना पुरस्कार एक इजरायली एडा योनाथ के साथ साझा किया। यह कल्पना करना बेतुका है कि इज़राइल को इसके दायरे को कम किए बिना वर्तमान अनुसंधान से बाहर रखा जा सकता है। इस तरह के हतोत्साहन को देखते हुए, विनिवेश और ब्लैकबॉलिंग संभवतः इज़राइल के धनुष पर दागे गए कुछ शॉट्स तक ही रुक जाएगी। लेकिन अमेरिका में यह चुनावी मुद्दा बना रहेगा. 1968 का राष्ट्रपति चुनाव एक मोटे तौर पर समानता प्रदान करता है। इसमें एक कठिन बाहरी मुद्दा हावी था - वियतनाम युद्ध की दृढ़ता, साथ ही घरेलू स्थिति के बारे में बेचैनी (हिप्पी स्वतंत्र, वुडस्टॉक आगे)। रिचर्ड निक्सन ने जीत हासिल की क्योंकि वह अपने प्रतिद्वंद्वी, पूर्व डेमोक्रेट उपाध्यक्ष ह्यूबर्ट हम्फ्री को उन सभी चीजों के साथ जोड़ने में सक्षम थे, जो सभी गड़बड़ थीं और उन्होंने इंडोचीन से सेना वापस लेने का वादा किया था। उसी समय, रोनाल्ड रीगन बर्कले को साफ़ करने का वादा करके कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर बन गए, जिसका परिसर युद्ध-विरोधी विरोध का केंद्र था।

लोकसभा चुनाव के दौरान रंग भेद की राजनीति

//सुरेश हिंदुस्तानी//

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफ़रत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसके तारतम्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए हैं, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोट बैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग अलग दुकान खोलकर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दर्शाने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया।

यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं।

राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफ़रत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा।

वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत खास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो, लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज़ अनुमान लगाया जा सकता है। सैम पित्रोदा के बयान का आशय यह भी निकाला जा सकता है कि वे भारत को एक देश के रूप में नहीं देख सकते। उनकी नजरों में शायद भारत की चारों दिशाओं में अलग अलग देश दिखाई देते हैं। कुछ ऐसे ही बयानों के कारण कांग्रेस अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कुछ इसी प्रकार के बयान कांग्रेस के अन्य नेता भी देते रहे हैं। एक बार मैंने अपने एक लेख में लिखा था, जिसका उल्लेख अन्य लेखक भी कर चुके हैं कि कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते करते अनजाने में देश का विरोध करने लगती है। हालांकि कांग्रेस नेताओं का आशय देश विरोध का नहीं होगा, लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता ऐसे बयान देते ही क्यों हैं, जिसका एक अर्थ ऐसा भी निकलता है, जिससे देश का विरोध होने का संकेत मिलता है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा कांग्रेस के लिए कोई छोटा नाम नहीं है। वे कांग्रेस के मुख्य कर्ता धर्ताओं में गिने जाते हैं। हालांकि चुनाव में उनके बयान का विपरीत प्रभाव न हो, इसलिए सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा देना एक राजनीतिक कदम भी हो सकता है। अगर सैम पित्रोदा का इस्तीफ़ा लेना ही था तो उनके पहले दिए बयानों पर भी तो लिया जा सकता था। लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया।

इससे कांग्रेस की सोच का पता चलता है और बैठे ठाले ही कांग्रेस ने भाजपा को एक और मुद्दा दे दिया। सैम पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की एक बार फिर से फ़जीहत करा दी। राहुल गांधी के इर्द गिर्द राजनीति करने वाले कांग्रेस के बड़े नेताओं के पलायन करने के बाद भी अगर शीर्ष नेतृत्व इस बात से अनभिज्ञ है कि कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा क्यों हो रही है? तो स्वाभाविक ही है कांग्रेस को अपनी पिछली दो शर्मनाक पराजय का बोध भी नहीं हो सकता। अभी तक के राजनीतिक इतिहास में अपने सबसे बड़े दुर्दिनों का सामना कर रही कांग्रेस पार्टी समूहों में विभाजित होकर अवनति के मार्ग पर बेलगाम बढ़ती जा रही है। यह समस्याएं उसकी खुद की देन हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कांग्रेस की राजनीति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसके पीछे बहुत सारे कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि आज की कांग्रेस में स्पष्ट दिशा और स्पष्ट नीति का अभाव सा पैदा हो गया है। उसके जिम्मेदार नेताओं को यह भी नहीं पता कि कौन से मुद्दे पर राजनीति की जानी चाहिए और किस पर नहीं। इसी कारण कांग्रेस का जो स्वरूप दिखाई दे रहा है, वह अविश्वसनीयता के घेरे में समाता जा रहा है। यह स्थिति जहां एक ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति अनास्था की धारणा को जन्म देने वाला कहा जा सकता है, वहीं यह भी प्रदर्शित कर रही है कि राहुल गांधी युवाओं को आकर्षित करने में असफल साबित हुए हैं। इसमें उनकी अनियंत्रित बयानबाजी भी कारण है। हम जानते हैं कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार झूठे बयान दिए हैं, जिसमें वे माफी भी मांग चुके हैं। यह बात सही है कि झूठ के सहारे आम जनता को भ्रमित किया जा सकता है, लेकिन जब सत्य सामने आता है, तब उसकी कलई खुल जाती है।

सबसे बड़ी विसंगति तो तब बनती है, जब अपने नेता के बयान को कांग्रेस के अन्य नेता समर्थन करने वाले अंदाज में निरर्थक रूप से पुष्ट करने का असफल प्रयास करते हैं। ऐसे प्रयासों से भले ही यह भ्रम पाल ले कि उसने केन्द्र सरकार को घेर लिया, लेकिन वास्तविकता यही है कि इसके भंवर में वह स्वयं ही फंसी नजर आती है। कांग्रेस अपनी कमियों को छिपाने के लिए भले ही भाजपा पर आरोप लगाने की राजनीति करे, लेकिन सत्य यह है कि इसके लिए कांग्रेस की कुछ नीतियां और वर्तमान में नेतृत्व की खामियां भी बहुत हद तक जिम्मेदार हैं। बयानों की राजनीति के बीच कांग्रेस एक बार फिर बैकफुट पर है। सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेसी नेता सफाई भी देने की स्थिति में नहीं है। ऐसे बयान भारत को शक्तिशाली बनाने से रोकते हैं। इसलिए यह आज की आवश्यकता है कि भारत को शक्ति संपन्न बनाने की राजनीति की जाए।

राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। आज किसी भी योजना को सोच-विचार करके कार्य रूप देने से लक्ष्य हासिल होगा और मन प्रसन्न होगा। आज आपको अपनी प्रतिभा जाहिर करने का मौका मिलेगा।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी कोई भी डील मिले तो उसे हासिल करने में ज्यादा सोच-विचार ना करें। आज सही समय पर किए कामों के नतीजे अनुकूल होंगे। घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। तनावट की पुरानी गलतफहमियां दूर होंगी, रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए शुभकर रहने वाला है। पारिवारिक अनबन आज समाप्त होगी, घर में खुशहाल और शांतिपूर्ण माहौल होगा। आज दूसरों के मामले में बिना मांगे सलाह नहीं दें। आप अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। आज अपने व्यवर दिनचर्या से कुछ समय बच्चों के साथ बिताएं।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कार्यों में व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि नहीं लेंगे। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आज आपके मन में सकारात्मक विचार आएंगे। इससे आप कोई भी फैसला लेने में सहज महसूस करेंगे। पारिवारिक सुख सुविधाओं से संबंधी चीजों की खरीदारी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट अपने करियर को लेकर किसी अनुभवी से सलाह लेंगे।

सिंह राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा हो जाएगा, जिससे मन प्रसन्न होगा। जो काम पिछले काफी समय से रुके हुए थे, आज वह कम मेहनत से ही सफल हो सकते हैं। विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रति सजग रहेंगे। किसी सम्मानित व्यक्ति के सानिध्य में कुछ समय बिताना आपके व्यक्तित्व में निखार लाएगा।

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई-बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो आज दूर होगी। आज आपकी कोई योजना समय से पूरी हो जायेगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आफिस के काम को आज जल्द पूरा कर लेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर अधिक मेहनत करनी होगी, अपनी कार्य क्षमता में कमी न आने दें। आज रुका हुआ पैसा मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आज स्टाफ और सहयोगियों के साथ किसी विशेष कार्य पर विचार विमर्श होगा, जो कि सकारात्मक रहेगा। रिश्तेदार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज ढिलाई रहेगी।

धनु राशि-आज आपका दिन मिश्रा जुल रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगे, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। धार्मिक कार्यों में कुछ पैसे खर्च कर सकते हैं। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

मकर राशि-आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में कोई साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में रूचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी।

कुंभ राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। अगर आज आप इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में एक दूसरे को अच्छे से समझेंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर लें, अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है।

तस्वीरों की दुनिया

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दिन कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना में तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में लंगर परोसा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना में गुरुद्वारा पटना साहिब की यात्रा के दौरान सेवा की.

बिहार के हाजीपुर में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एलजेपी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उज्जैन में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए वोट डालने के बाद अमिट स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान संबोधित कर रहे थे।

सुशील मोदी की निधन से राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर, प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नईदिल्ली, 14 मई [एजेंसी]।

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी का कल देर रात निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे। सुशील मोदी ने दिल्ली एम्स में 72 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वहीं, सुशील मोदी के निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई।प्रधानमंत्री ने सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी में अपने मूल्यवान सहयोगी और दशकों से मेरे मित्र रहे सुशील मोदी के असामयिक निधन से अत्यंत दुख हुआ है। बिहार में भाजपा के उत्थान और उसकी सफलताओं के पीछे उनका अमूल्य योगदान रहा है। आपातकाल का पुरजोर विरोध करते हुए, उन्होंने छात्र राजनीति से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। वे बेहद मेहनती और मिलनसार विधायक के रूप में जाने जाते थे।पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति से जुड़े विषयों को लेकर उनकी समझ बहुत गहरी थी। उन्होंने एक प्रशासक के तौर पर भी काफी सराहनीय कार्य किए। जीएसटी पारित होने में उनकी सक्रिय भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओम शांति !केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के निधन की सूचना से आहत हूं। आज बिहार ने राजनीति के एक महान पुरोधा को हमेशा के लिए खो दिया। ABVP से भाजपा तक

सुशील ने संगठन व सरकार में कई महत्त्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति गरीबों व पिछड़ों के हितों के लिए समर्पित रही। उनके निधन से बिहार की राजनीति में जो शून्यता उभरी है, उसे लंबे समय तक भरा नहीं जा सकता। दुःख की इस घड़ी में पूरी भाजपा उनके शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। विद्यार्थी परिषद से लेकर अभी तक हमने साथ में संगठन के लिए लंबे समय तक काम किया। सुशील मोदी का पूरा जीवन बिहार के लिये समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि बिहार को जंगलराज से बाहर निकालकर विकास के पथ पर लाने में सुशील मोदी का प्रयास बहुत मददगार रहा है। उनका ना होना असंख्य कार्यकर्ताओं के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है । राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ के समय यानि विगत 51-52 वर्षों से हमारे मित्र भाई सुशील मोदी के निधन का अति दुःखद समाचार प्राप्त हुआ।

वे एक जुझारू, समर्पित सामाजिक राजनीतिक व्यक्ति थे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर शांति तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बड़ा दुःखद समाचार सुशील मोदी के बारे में मुझे मिला कि वह हमारे बीच नहीं रहें। वह पार्टी में सभी को हिम्मत प्रदान करते थे और मार्गदर्शन देते थे। आज उनकी कमी खल रही है उनकी भरपाई निकट भविष्य में कही नहीं दिख रहा है। ईश्वर इनकी आत्मा को शांति दें और इनके परिवार को इस दुःख को सहने की क्षमता दें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता, सुशील कुमार मोदी के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। उनका लम्बा सार्वजनिक जीवन जनता-जनार्दन की सेवा और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित था। उन्होंने बिहार में पार्टी को मजबूत और लोकप्रिय बनाने के लिए काफी परिश्रम किया।

गढ़मुक्तेश्वर में बड़ा सड़क हादसा, डिवाइडर से टकराकर गलत दिशा में पहुंची कार, पांच की मौत, दो घायल

हापुड़, 14 मई [एजेंसी]।

थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के एनएच-9 स्थित बृजघाट के पास मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गलत दिशा में पहुंच गई। इसी बीच एक कैंटर ने कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में कर सवार पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। घायल व मृतकों की शिनाख्त की जा रही है। एसीपी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि सोमवार देर रात कार सवार सात लोग मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। थाना गढ़मुक्तेश्वर के एनएच-9 स्थित बृजघाट के पास पहुंचने पर अचानक चालक का नियंत्रण कार पर नहीं रहा। इस कारण कर अनियंत्रित होकर डिवाइड से टकरा गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार डिवाइडर पर चढ़कर गलत दिशा में पहुंच गई।

इसी बीच सामने से आ रहे एक कैंटर ने कार में टक्कर मार दी। दुर्घटना में कर सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व मृतकों के शवों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला। इसके बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया। फिलहाल अस्पताल में घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों व घायलों की शिनाख्त के लिए पुलिस टीम लगी हैं। शिनाख्त होने पर उनके स्वजन को सूचित किया जाएगा। मामले की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

तब तक तो खत्म हो जाएंगे चुनाव... केजरीवाल का हवाला देकर सिब्बल ने सोरेन की मांगी जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने यह दलील सुनते ही दे दी यह

नईदिल्ली, 14 मई [एजेंसी]।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलने से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भी उम्मीदें जग गई हैं। हेमंत सोरेन की ओर से भी सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल के मामले में दिये गए आदेश का हवाला देते हुए चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगी गई।हेमंत सोरेन को अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई की मांग कर रहे वकील कपिल सिब्बल से कोर्ट ने कहा कि दूसरे पक्ष को सुने बगैर आदेश नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया और सिब्बल के अनुरोध पर मामले को 17 मई को फिर सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया।ईडी ने जमीन घोटाले से जुड़े मामले में मनी लांड्रिंग के आरोप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन तभी से हिरासत में है। झारखंड हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका गत तीन मई को खारिज कर दी थी। सोरेन ने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है साथ ही याचिका पर सुनवाई होने तक चुनाव को देखते हुए अंतरिम जमानत मांगी है। मामले में सोमवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता ने सुनवाई की। संयोग से यह वही पीठ है जिसने केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी थी।कोर्ट ने कहा कि वह याचिका पर ईडी को नोटिस जारी कर रहे हैं। पीठ ने सोरेन के वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि वह मामले पर गर्मी की छुट्टियों के बाद जुलाई में सुनवाई चाहते हैं या फिर गर्मी की छुट्टियों में चाहते हैं। सिब्बल ने कहा कि तब तक तो चुनाव खत्म हो जाएंगे। उनका केस भी अरविंद केजरीवाल के मामले में दिये गए आदेश में कवर होता है इसलिए कोर्ट उन्हें भी चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे। पीठ ने कहा कि वह मामले को 20 मई को सुनवाई पर लगा रहे हैं तबतक ईडी का जवाब आ जाएगा।ईडी को सिर्फ सात दिन जवाब के लिए दे रहे हैं। दूसरे पक्ष को सुने बगैर आदेश नहीं दिया जा सकता। लेकिन सिब्बल तत्काल सुनवाई की मांग पर अड़ गए। कहा कि उन्होंने ईडी को छह मई को ही याचिका की प्रति दे दी थी। ईडी की ओर से जानबूझकर कोई पेश नहीं हुआ है। सिब्बल ने कहा कि अगर कोर्ट आज सुनवाई नहीं कर रहा है तो मामले को 17 मई शुक्रवार को सुनवाई पर लगाया जाए।पीठ ने असमर्थता जताते हुए कहा कि वह गर्मी की छुट्टियां शुरू होने से पहले का आखरी कार्यदिवस है उस दिन बहुत केस लगे हैं । उस दिन संभव नहीं है 20 मई की तारीख दे रहे हैं। सिब्बल ने कहा कि उनका केस देखा जाए तो इस मामले में वह पहले सुप्रीम कोर्ट आए थे फिर उन्हें हाई कोर्ट भेजा गया। हाई कोर्ट ने सुनवाई करके 28 फरवरी को आदेश सुरक्षित रख लिया।ल मार्च बीत गया अप्रैल बीत गया हाई कोर्ट ने आदेश नहीं दिया। जब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में इस बारे में याचिका दाखिल की तो हाई कोर्ट ने तीन मई को आदेश दिया और याचिका खारिज कर दी। अब उनकी याचिका पर अगर लंबी तारीख दी जाएगी तो तब तक चुनाव हो जाएंगे।

बिना लैंडिंग गियर के आस्ट्रेलियाई हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया विमान, तीन लोगों को लेकर भरी थी उड़ान

मेलबर्न, 14 मई [एजेंसी]।

आस्ट्रेलिया में तीन लोगों को लेकर जा रहे एक विमान को सोमवार को न्यूकैसल हवाई अड्डे पर बिना लैंडिंग गियर के सुरक्षित रूप से उतारा गया। विमान ने ईंधन खत्म करने के लिए करीब तीन घंटे तक हवाईअड्डे के ऊपर का चक्कर लगाया। आस्ट्रेलियन ब्राडकास्टिंग कार्पोरेशन (एबीसी) और पुलिस ने कहा कि ट्विन-टर्बोप्राप बीचक्राफ्ट सुपर किंग विमान ने सिडनी के उत्तर में स्थित हवाईअड्डे से पोर्ट मैक्वेरिए की 180 किलोमीटर की यात्रा के लिए उड़ान भरी ही थी तभी सुबह करीब 9.30 बजे पायलट ने तकनीकी समस्या की ओर ध्यान दिलाया। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान लगभग तीन घंटे बाद स्पष्ट रूप से बिना किसी घटना के हवाई पट्टी पर उतरा।आपातकालीन सेवाओं के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और एम्बुलेंस तैयार खड़ी थीं। पुलिस के एक बयान में कहा गया कि विमान में तकनीकी समस्याएं थीं, जबकि एबीसी ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से कहा कि लैंडिंग गियर खराब हो गया था। विमान का स्वामित्व पोर्ट मैक्वेरिए की ईस्टर्न एयर सर्विसेज के पास है।

खटा-खट योजनाओं को आखिर कांग्रेस कैसे करेगी पूरा..., वित्त मंत्री ने राहुल गांधी को लिया आड़े हाथ, पूछ डाला कई सवाल

नईदिल्ली, 14 मई [एजेंसी]।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस के चुनावी वादों को खटा-खट योजना करार देते हुए उसे आड़े हाथ लिया और पूछा कि क्या उसे गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत के बारे में पता भी है। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस क्या इन योजनाओं को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर उधार लेगी, टैक्स बढ़ाएगी या फिर खटाखट योजनाओं की वित्तीय लागत को समायोजित करने के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करेगी। सोमवार को एक्स पर वित्त मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को जनता के इन सवालों का जवाब देना चाहिए। हाल के दिनों में मोदी सरकार के राजकोषीय खासकर ऋण

प्रबंधन को लेकर विपक्ष की तरफ से काफी आलोचना की गई। इसके जवाब में सीतारमण ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि कांग्रेस अपने बड़े-बड़े वादों को पूरा करने के लिए राजकोषीय खर्च में बढ़ोतरी और भारी उधार या अर्थव्यवस्था को नीचे गिराए बिना कैसे काम करेगी। उन्होंने कहा कि सवाल सिर्फ उधार लेने का नहीं है, व्यय को लागू करने के बारे में भी है। कांग्रेस अल्पकालिक लोकलुभावन उपायों पर खर्च करने में रुचि रखती है और दीर्घकालिक राष्ट्रीय विकास पर कभी ध्यान केंद्रित नहीं करती है। यहां तक कि रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा भी कांग्रेस की नीतिगत पंगुता के कारण बाधित हुई।

भारतीय सेना को बुलेट-प्रूफ जैकेट और नाइट विजन गागल्स उपलब्ध कराने के लिए भी धनराशि नहीं दी गई। यूपीए काल में सीडब्ल्यूजी, अंतरिक्ष देवास, कोयला और टेलीकाम स्पेक्ट्रम जैसे घोटालों से सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।सीतारमण ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जीवन और आजीविका की रक्षा के लिए सरकार के सक्रिय उपायों की वजह से वित्त वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटा बढ़कर जीडीपी का 9.2 प्रतिशत हो गया, जिससे केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी का 61.4 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

अमेरिका में मई दिवस की पार्टी के दौरान गोलीबारी में तीन की मौत अंधाधुंध फायरिंग में 18 लोग घायल

स्टाकटन। अमेरिका के अलबामा में एक पार्टी में गोलीबारी के दौरान तीन लोग मारे गए और 18 घायल हो गए। बाल्डविन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि शनिवार को स्टाकटन के पास मई दिवस की पार्टी में करीब 1,000 लोग शामिल हुए थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले बहस शुरू हुई। इसके बाद एक शख्स ने भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जांचकर्ताओं का मानना है कि अतिरिक्त शूटर भी रहे होंगे। गिरफ्तारियां हुई है या नहीं, इस पर तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है। शेरिफ कार्यालय ने लोगों से मामले में कोई जानकारी होने या वीडियो फुटेज होने पर आगे आने की अपील की है।

मतदान का आंकड़ा 48 घंटे में जारी करने की मांग पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट, एडीआर ने दायर की है याचिका

नईदिल्ली, 14 मई [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट सोमवार को एक गैर सरकारी संगठन की याचिका पर 17 मई को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया। इस याचिका में लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण के मतदान के 48 घंटे के भीतर चुनाव आयोग को मतदान का आंकड़ा अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि मामले को शुक्रवार (17 मई) को सूचीबद्ध किया जाएगा। इससे पहले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी।पिछले सप्ताह एनजीओ ने अपनी 2019 की जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दाखिल किया था। इसमें

चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई थी कि सभी मतदान केंद्रों के फार्म 17 सी भाग-1 (रिकार्ड किए गए वोट) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं। एनजीओ ने कहा कि चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाए कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्येक चरण के मतदान के बाद वोटों की संख्या का पूर्ण आंकड़ा जारी करे।

याचिका यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गई है कि चुनावी अनियमितताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित नहीं हो। एडीआर ने कहा कि चुनाव आयोग ने पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद अंतिम आंकड़े जारी किए।

सुशील मोदी ने लालू यादव पर लिखी थी ये किताब, अलग किस्म का था लगाव, चारों सदन में दे चुके हैं सेवाएं

पटना। बिहार की राजनीति में उप मुख्यमंत्री के रूप में सर्वाधिक चर्चित रहे सुशील कुमार मोदी ने पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के महासचिव पद से लेकर चारों सदन का सदस्य बनने का गौरव प्राप्त किया। लालू प्रसाद यादव एवं नागमणि के बाद सुशील मोदी ऐसी तीसरी राजनीतिक हस्ती थे। वे विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा एवं राज्यसभा के सदस्य रहे। छात्र राजनीति के समय से ही राजद प्रमुख लालू प्रसाद से उनका अलग किस्म का ही लगाव था।लालू पर उन्होंने लालू लीला नाम से किताब भी लिखी है। लालू और उनके बेटों पर उन्होंने बड़ा शोध किया था।

विवाद सुलझाने के लिए सीएम केजरीवाल को मिला समय, सिंघवी की इस दलील ने पलट दिया पूरा खेल

नईदिल्ली, 14 मई [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही पर रोक की अवधि सोमवार को बढ़ा दी, ताकि पक्षों को समझौते की संभावना तलाशने का समय मिल सके। केजरीवाल ने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित एक कथित अपमानजनक वीडियो को साझा करने के लिए आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें जारी किए गए समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि पहले से लगाई गई अंतरिम रोक अगले आदेश तक जारी रहेगी। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 11 मार्च को सुनवाई के बाद दोनों पक्ष समझौते पर चर्चा के लिए एक-

दूसरे से संपर्क नहीं कर सके हैं। शिकायतकर्ता के वकील विकास सांकृत्यायन ने कहा कि पिछली सुनवाई के बाद किसी ने उनसे संपर्क नहीं किया। इस पर पीठ ने उनसे कहा कि अब केजरीवाल का पक्ष शिकायतकर्ता से संपर्क करेगा और उसने मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त से शुरू होने वाले सप्ताह तक के लिए टाल दी। शीर्ष अदालत ने 11 मार्च को केजरीवाल से पूछा था कि क्या वह शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं।

केजरीवाल ने 26 फरवरी को शीर्ष अदालत से कहा था कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित भाजपा आईटी सेल से संबंधित कथित अपमानजनक वीडियो को साझा करके गलती की थी।शिकायतकर्ता के वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि केजरीवाल इंटरनेट मीडिया मंच एक्स या इंस्टाग्राम पर माफी मांग सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 26 फरवरी को हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना शिकायतकर्ता से पूछा था कि आप नेता द्वारा यह स्वीकार करने के बाद कि यह एक गलती थी, क्या वह इस मामले को बंद करना चाहते हैं।

पाकिस्तान में आरक्षित सीटों पर चुने गए सांसद निलंबित

इस्लामाबाद, 14 मई [एजेंसी]।

पाकिस्तान चुनाव आयोग ने सोमवार को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) को नहीं दी गई सीटों पर चुने गए विधायकों को निलंबित कर दिया है। आयोग का फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षित सीटों पर आए फैसले के बाद आया है।अधिसूचना के अनुसार, सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के 44 सदस्यों, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के 15, जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल के 13 सदस्यों को निलंबित किया गया है। इसके अलावा एमक्यूएम-पी, इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और अवामी नेशनल पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के एक-एक सांसद को निलंबित किया गया है। सात मई को न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने सुन्नी इत्तेहाद परिषद की आरक्षित सीटों पर चुनाव आयोग और पेशावर हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दिया था। शाह ने कहा था कि रोक का यह फैसला अतिरिक्त सीटों के आवंटन पर लागू होता है।उन्होंने कहा कि संसद में लोगों के जनादेश का सही ढंग से प्रतिनिधित्व होना चाहिए। चुनाव आयोग ने महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों को अन्य राजनीतिक दलों के बीच वितरित कर दिया था।

वोटिंग खत्म होने के बाद भी चालू थी ईवीएम, अधिकारी करने वाले थे ये काम तभी पड़ गई लोगों की नजर, और फिर

उन्नाव, 14 मई [एजेंसी]।

पूरी मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से निपट ही चुकी थी कि इसी बीच पुरवा विधानसभा क्षेत्र के पचमन खेड़ा पोलिंग बूथ पर ईवीएम को बंद करने को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। किन्हीं तकनीकी कारणों से ईवीएम स्विच ऑफ नहीं हुई, जिसके बाद पीठासीन उसी हालत में मशीन ले जाने की तैयारी करने लगे। यह देख पोलिंग एजेंट और मतदाता भड़क गए और बिना मशीन बंद हुए पोलिंग पार्टी को वहां से जाने से रोक दिया, जिसके बाद उन्हें मनाने का दौर शाम आठ बजे के बाद तक

चलता रहा। ग्रामीणों के अनुसार, हिलौली ब्लाक के अकोहरी ग्राम पंचायत के पचमन खेड़ा पोलिंग बूथ संख्या 331 पर शाम को मतदान खत्म होने के बाद पीठासीन अधिकारी विक्रम सिद्धार्थ ने लापरवाही पूर्वक ईवीएम को डायरेक्ट बंद करने का प्रयास किया, जिसके बाद वह बंद नहीं हुई। पीठासीन मशीन को बिना बंद किए ही सील कर वहां से जाने की योजना बनाने लगे। तभी इसकी जानकारी पोलिंग एजेंट और ग्रामीणों को हो गई। इस पर वह भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने पीठासीन समेत पूरी पोलिंग पार्टी को वहीं रोक लिया। जब तक मशीन वहीं पर बंद करने के बाद ही वहां से जाने पर अड़ गए। सेक्टर मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। मौके पर इंजीनियरिंग टीम के सदस्यों को मौके पर बुलाया गया।

उधर, सुमेरपुर इंटर कालेज स्थित बूथ संख्या 298 में ईवीएम खराब होने से मतदाताओं को करीब दो घंटा बैठकर इंतजार करना पड़ा। सेक्टर मजिस्ट्रेट खेला यादव ने दूसरी मशीन उपलब्ध कराने के बाद मतदान शुरू हो सका। इसी प्रकार, वीरपुर पोलिंग के बूथ, सफीपुर विधानसभा के मवई ब्रह्मनान, मोहान के बूथ नंबर 392, पुरवा के बूथ संख्या 172 समेत करीब 10 से अधिक स्थानों पर ईवीएम खराब होने के कारण मतदान कुछ देरी से शुरू हो सका।

पुणे कांग्रेस अध्यक्ष को डालना पड़ा टेंडर वोट

मुंबई। पुणे शहर के कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद शिंदे को सोमवार को मतदान के दौरान टेंडर वोट डालकर मतदान करना पड़ा, क्योंकि जब वह मतदान करने पहुंचे तो उनका मत कोई और डाल चुका था।अरविंद शिंदे के अनुसार, सोमवार को जब वह रास्ता पेठ के सेंट मीरा इंग्लिश मीडियम स्कूल स्थित वोटिंग बूथ पर पहुंचे तो उन्हें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि उनका नाम तो मतदाता सूची में था, लेकिन उनका वोट किसी ने पहले ही डाल दिया था।यह पता चलने पर उन्होंने इस पर आपत्ति जताई और बाद में उन्हें टेंडर वोट प्रक्रिया का उपयोग कर मतदान करने की अनुमति दी गई। गौरतलब है कि चुनाव संचालन नियम, 1961 की धारा-49पी के अनुसार, टेंडर वोट डालने की अनुमति तब दी जाती है जब किसी मतदाता को पता चलता है कि किसी ने पहले ही उसके नाम पर वोट दे दिया है।



उज्जैन के इन पांच मंदिरों की दूर-दूर तक फैली ख्याति, दर्शन करने से खुल जाते हैं भाग्य

आज हम आपको उज्जैन के पांच दिव्य मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन मंदिरों के बारे में कहा जाता है कि यहां पर जाने भर के भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आइए जानते हैं इन मंदिरों के बारे में। भारत देश में कई ऐसे फेमस और प्राचीन मंदिर हैं, जो बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इस मंदिरों में न सिर्फ रहस्यों का अंबार है, बल्कि माना जाता है कि मंदिर में दिव्य शक्तियों का संचार होता है। ऐसे में जो भी व्यक्ति अपनी मनोकामना के साथ मंदिर में प्रवेश करता है, उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उज्जैन के पांच दिव्य मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन मंदिरों के बारे में कहा जाता है कि यहां पर जाने भर के भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आइए जानते हैं इन मंदिरों के बारे में...

शिप्रा नदी के पास देवी हरसिद्धि मंदिर है। इस मंदिर को 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। इस मंदिर में भगवान शंकर मां गौरा के साथ विराजमान हैं। इस मंदिर में माता सती की कोहनी की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं मंदिर में महालक्ष्मी और महासरस्वती भी स्थापित हैं। मान्यता के मुताबिक इस मंदिर के दर्शन करने से व्यक्ति को जीवन में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती है।

काल भैरव मंदिर

काल भैरव को भगवान शिव शंकर का रौद्र रूप माना जाता है। मुख्य रूप से तांत्रिक भगवान काल भैरव की पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन गृहस्थ जीवन जीने वाले लोग भी काल भैरव की सात्विक पूजा कर सकते हैं। जो भी व्यक्ति काल भैरव के मंदिर जाकर उनके दर्शन कर पूजा-अर्चना करता है, उसकी नकारात्मकता या बुरी शक्तियां दूर हो जाती हैं और नजर दोष भी उतर जाती है।

चौबीस खंभा माता मंदिर

उज्जैन में स्थित चौबीस खंभा माता मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र माना जाता है। इस मंदिर यह नाम इसलिए पड़ा, क्योंकि मंदिर में चौबीस खंभे बने हुए हैं। बताया जाता है कि इस चौबीस खंभों की परिक्रमा करने के बाद यदि व्यक्ति माता रानी से कोई मनोकामना मागंता है, तो उसकी हर मन्नत पूरी होती है। वहीं यदि आपका कोई काम बिगड़ा हो या काम बन नहीं रहा हो, तो वह भी पूरा हो जाता है।

मंगलनाथ मंदिर

उज्जैन के मंगलनाथ मंदिर भी काफी ज्यादा लोकप्रिय है। इस मंदिर का उल्लेख मत्स्य पुराण में मिलता है। बताया जाता है कि वर्तमान समय में यह मंदिर उसी स्थान पर है, जहां पर मंगल ग्रह का जन्म हुआ था। इस मंदिर के दर्शन मात्र से मंगल दोष दूर हो जाता है। वहीं मंदिर के दर्शन से कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति मजबूत होती है और व्यक्ति को शुभ परिणाम मिलते हैं।

महाकालेश्वर मंदिर

उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इस मंदिर का उल्लेख पुराणों, महाभारत और कालिदास जी की रचनाओं में भी मिलता है।
महाकालेश्वर मंदिर को लेकर ऐसी मान्यता है कि यदि दूर से भी किसी व्यक्ति को इस मंदिर के दर्शन हो जाएं और व्यक्ति मनोकामना मांगे, तो महादेव उस जातक की इच्छा जरूर पूरी करते हैं।



लाल केला खाना होता है स्वास्थ्य के लिए लाभदायक, जानिए कैसे है पीले केले से अलग

बाजार में साधारण पीले केले के अलावा लाल रंग का केला भी मिलता है। लाल केले के छिलके का रंग गाढ़ा लाल और बैंगनी होता है और यह दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाता है।इसकी मिठास पीले केले जैसी ही होता है, लेकिन इसमें हल्का रैस्पबेरी जैसा स्वाद भी होता है। इसमें केरोटीन और विटामिन सी होता है, जो कोशिकाओं के स्वास्थ्य को सुधारता है।लाल केले को डाइट में जोड़ने से आपको ये 5 लाभ मिलेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, 100 ग्राम पके लाल केले में फाइबर की मात्रा 2 ग्राम होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लाल केले में अघुलनशील फाइबर की मौजूदगी पाचन में सहायता करती है।इस फल को खान-पान का हिस्सा बनाने से कब्ज की परेशानी को कम करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा लाल केले एक प्रीबायोटिक होते हैं, जिनमें फरुक्टो-ऑलिगोसेकेराइड होता है।यह आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

लाल केला पोटैशियम का अच्छा स्रोत माना जाता है, जो हृदय के कामकाज में मदद करता है। इस फल में इलेक्ट्रोलाइट्स और पोटाशियम होता है, जो दिल के स्वास्थ्य को सुधारने में एक अहम भूमिका निभाता है।पोटेशियम की कमी (हाइपोकैलिमिया) उच्च रक्तचाप और हृदय की मांसपेशियों की कमजोरी का कारण बन सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते है कि लाल केले को आहार में शामिल करने से पोटेशियम की दैनिक आवश्यकता का औसतन 15 प्रतिशत मिलता है। 100 ग्राम लाल केले में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा 25 ग्राम होती है। वैसे तो इसका ब्लड शुगर के प्रबंधन से सीधा संबंध नहीं है, लेकिन मधुमेह रोगी इसका सेवन कर सकते है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) और आहार फाइबर कम होता है। जीआई यह मापने के लिए उपयोग किया जाता है कि खाद्य पदार्थ ब्लड शुगर के स्तर को कितनी तेजी से बढ़ाते हैं। इस पैमाने पर लाल केले का अंक लगभग 45 है, जो बेहद कम माना जाता है।

एक शोध के अनुसार, लाल केले में मौजूद बीटा-कैरोटीन विटामिन ए का भाग है। यह हमारी आखों की रोशनी को सुधारने में मदद कर सकता है।लाल केले बीटा-कैरोटीन के साथ-साथ ल्यूटिन का अच्छा स्रोत होते हैं, इसलिए ये दृष्टि को सुधार सकते हैं। ये विशेष रूप से उम्र से संबंधित मैकुलर अपघटन को रोकने में मदद करते हैं, जो आखों को खराब करने वाला एक नेत्र रोग है।

लाल और पीले दोनों केले ही सेहत के लिए फायदेमंद हैं, लेकिन दोनों में से एक में अधिक पोषण मौजूद होता है।लाल केले में 1.29 ग्राम प्रोटीन, 0.29 ग्राम वसा, 1.98 ग्राम फाइबर, 6.74 ग्राम विटामिन- सी और 25.2 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है। वहीं, पीले केले में 1.23 ग्राम प्रोटीन, 0.33 ग्राम वसा, 1.94 ग्राम फाइबर, 4.74 ग्राम विटामिन- सी और 23.63 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है।लाल केले में मौजूद बीटा कैरोटीन और विटामिन सी पीले केले से ज्यादा होते हैं।

पढ़ते समय सुन रहे हैं गाने तो जानें ये कितना सही कितना गलत? कैसा म्यूजिक है फायदेमंद

म्यूजिक मूड को रिफ्रेश कर बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, लेकिन ध्यान रखने की बात है कि म्यूजिक को हमेशा स्टडी टूल की तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, पढ़ाई हमेशा शांत जगह ही करनी चाहिए, एक्सपर्ट्स का कहना है कि म्यूजिक मूड को रिफ्रेश कर बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, लेकिन ध्यान रखने की बात है कि म्यूजिक को हमेशा स्टडी टूल की तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, पढ़ाई हमेशा शांत जगह ही करनी चाहिए, पढ़ाई हमेशा शांत माहौल में करना चाहिए, इससे ध्यान नहीं भटकता है और पढ़ी हुई चीज जल्दी याद होती है, अक्सर घर में बड़ों और स्कूल के टीचर्स को ऐसा कहते सुना होगा. यह बात काफी हद तक ठीक भी मानी जाती है लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो पढ़ते समय गाने सुना करते हैं. जिससे लोगों के मन में सवाल उठता है कि क्या ऐसा करना सही है, क्या इस से पढ़ाई में मन लगता है या याद की हुई चीजें दिमाग में बैठती हैं. आइए जानते हैं इन सवालों के जवाब...एक?सपर्ट्स का मानना है कि पढ़ाते करते समय गाने सुनना गलत आदत है. इससे याददाश्त पर दबाव पड़ सकता है.

शब्द सामर्थ्य -056

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बवादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 055 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	दां	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		भी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

मेधावी छात्रों ने की कलेक्टर से मुलाकात

सपना को साकार करने कड़ी मेहनत की जरूरत - कलेक्टर

कोरिया बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजे विगत दिनों घोषित की गई थी।

जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से दसवीं एवं बारहवीं में प्रावीण्य अंक प्राप्त करने वाले आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुण्ठपुर के कक्षा दसवीं के छात्र सिद्धांत सिंह, शकुंतला सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर के कक्षा बारहवीं के छात्र आशुतोष तथा शासकीय रामानुज आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर के छात्र तेजप्रताप राजवाड़े ने उच्चतर अंक प्राप्त कर स्कूल व जिले को गौरवान्वित करने वाले इन मेधावी छात्रों ने मुलाकात किया। छात्र सिद्धांत ने बताया कि वे गणित विषय लेकर आगे पढ़ाई करेंगे और उनका लक्ष्य आईआईटी करना है। इसी तरह आशुतोष ने बताया कि उन्हें मेडिकल क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। और तेजप्रताप राजवाड़े एनडीए में कैरियर बनाने के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने इन छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सपने को साकार करने के लिए जुनून व कठिन परिश्रम की जरूरत है। इसलिए अभी से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तन मन से पढ़ाई में जुट जाएं। इन मेधावी छात्रों को शील्ड व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, स्कूलों के प्राचार्य व इन विद्यार्थियों के पालक भी उपस्थित थे।

एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सूरजपुर। प्रतापपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि राजपुर की ओर से प्रतापपुर होते हुए वाड़फनगर की ओर पल्सर मोटर सायकल में 2 व्यक्ति नशीली कफ सिरप लेकर बिक्री करने जाने कि सूचना पर ग्राम चांचीडांड में घेराबंदी लगाया जो पुलिस को देखकर मोटर सायकल चालक व पीछे बैठा व्यक्ति मोटर सायकल छोड़कर भाग निकले।

मोटर सायकल की तलाशी लेने पर बैग से 260 नग ऑरेक्स कफ सिरप बरामद किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रूपये है। मामले में नशीली कफ सिरप व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है और दिनांक 07.04.24 को फरार आरोपी सूरज कुमार सूर्यवंशी को लटोरी से पकड़ा गया था वहीं मामले में दीपक शील उर्फ माटूल फरार था जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने पुलिस अधिकारियों को आपराधिक प्रकरण में फरार चल रहे आरोपियों को गंभीरतापूर्वक पतासाजी कर धर दबोचने के कड़े निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस फरार आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच प्राप्त सूचना के आधार पर अम्बिकापुर में घेराबंदी कर आरोपी दीपक शील उर्फ माटूल पिता पवित्रो शील उम्र 24 वर्ष ग्राम तर्रापानी गांधीनगर अम्बिकापुर को पकडा गया और विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, रामाधीन श्यामले, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी, अवधेश कुशवाहा सक्रिय रहे।

केंद्रीय विद्यालय कक्षा 10 वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

चिरमिरी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित किये गये। केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में कक्षा 10 वीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षकों में खुशी का माहौल है । विद्यालय में कक्षा 10 वीं के छात्र प्रियांशु राय ने 93.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र शौर्य सरोज ने द्वितीय एवं छात्रा अर्पिता बेहरा ने 93 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में वाणिज्य संकाय के छात्र अक्षय अग्रवाल ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही विज्ञान संकाय में छात्र भास्कर मैती ने 87.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के परीक्षा परिणामों पर प्राचार्य एन.के. सिन्हा ने समस्त शिक्षको को साधुवाद देते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य कामना की है।

घर में अकेले रह रहे व्यवसायी ने फांसी लगा आत्महत्या की

बिश्रामपुर। नगर के व्यवसायी सुप्रभात मुखर्जी ने रविवार देर रात अपने सतपता गांव स्थित मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे घर में अकेले रहते थे। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के गुरुद्वारा रोड स्थित बालाजी इलेक्ट्रिकल के संचालक सुप्रभात मुखर्जी पिता स्वर्गीय मधुसूदन मुखर्जी वर्तमान में सतपता गांव स्थित अपने मकान में अकेले रहते थे। पूर्व में नगर के डीएवी स्कूल में पढ़ाई वाली उनकी शिक्षिका पत्नी शर्मिला मुखर्जी लंबे समय से रायपुर में अपने दोनों बच्चों के साथ उनकी उत्कृष्ठ पढ़ाई के लिए रह रही है। रविवार की रात को मोबाइल काल रिसीव नही होने पर उनकी पत्नी ने अपने परिचित सुशांत विश्वास को फोन कर कहा कि उनके पति सुप्रभात उनका रात से फोन नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने सुशांत विश्वास को घर जाकर देखने को कहा। इस पर सोमवार सुबह सुशांत ने सुप्रभात मुखर्जी के सतपता स्थित निवास जाकर देखा तो वे अवाक रह गए। उन्होंने देखा कि सुप्रभात ने घर के पंखे के हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर मर्ग कायम कर बिश्रामपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चांदनी बिहारपुर आये ग्रामीण को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत

सूरजपुर। सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

घटना ओडगी मुख्य मार्ग में मोड़ के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार दोपहर करीब 2.25 बजे मितंक राजेश कुमार साकेत (20) ग्राम अन्तिकापुर निवासी किसी काम से बिहारपुर गया था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है। राहगीरों ने इसकी सूचना चांदनी बिहारपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए समुदाय केंद्र बिहारपुर भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

शिक्षक अवकाश पर , बिगड़ा रिजल्ट

भैयाथान। शिक्षकों की लापरवाही व मनमाने तरीके से छुट्टी लेने के कारण सूरजपुर जिले के भैयाथान इलाके के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बड़सरा के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा का परिणाम काफी खराब रहा। स्कूल का परीक्षा परिणाम सिर्फ 27.54प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा की परीक्षा देने वाले 69 बच्चों में से सिर्फ 19 ही पास हुए। इसमें भी पास हुए 19 विद्यार्थियों में से आधों को ग्रेस लगाकर पास किया है। स्कूल में सबसे खराब रिजल्ट केमेस्ट्री विषय का रहा। इसमें 12 से अधिक बच्चों को जीरो या एक नंबर मिले हैं। हायर सेकंडरी में सिर्फ एक बच्चा ही फर्स्ट डिवीजन से पास हुआ है। स्कूल के खराब रिजल्ट की दैनिक भास्कर ने पड़ताल की तो पता चला कि बड़सरा के स्कूल में शिक्षक तो हैं, लेकिन वे कभी पढ़ाने नहीं आते। आते भी है तो अपने मनमाने समय पर। साथ ही केमेस्ट्री, अंग्रेजी और कॉमर्स की शिक्षिकाएं मैटरनिटी लीव पर नियम विरुद्ध चली गई थीं।

मिट्टी खुदाई करने से पेड़ों की पकड़ कमजोर हुई

सोनहत। साप्ताहिक बाजार के पास रामगढ़ सड़क किनारे पहाड़ की मिट्टी की खुदाई ग्रामीणों के द्वारा की जा रही हैं।

इसके चलते पहाड़ पर लगे पेड़ों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा हैं। जबकि यह पूरा क्षेत्र वन विभाग के अंतर्गत आता है और वन विभाग का कार्यालय महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित हैं।

इसके बाद भी वन विभाग के अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। पहाड़ से मिट्टी की खुदाई की वजह से बड़े-बड़े पेड़ों के गिरने की आशंका है।

खतरनाक ढंग से सड़क पर खड़ी एक बस सहित पांच भारी वाहन जब्त

अंबिकापुर। सरगुजा जिले के प्रमुख मार्गों में खतरनाक ढंग से ट्रक, बस खड़ी करने के मामले में सरगुजा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है । इस बार पुलिस ने एक बस सहित पांच भारी वाहनों को जब्त किया है। सभी मामलों में चालकों के विरुद्ध धारा 283 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने तथा यातायात नियमों का पालन कराने की मंशा से सरगुजा पुलिस इन दोनों सख्त हो चुकी है। कार्रवाई से पहले लगातार समझाइश दी गई। अंबिकापुर शहर के रिंग रोड के अलावा जिले से होकर गुजरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कहीं भी भारी वाहनों को सड़क पर खतरनाक ढंग से खड़ा न करने अभियान चलाया गया इसके बावजूद वाहन चालकों की ओर से पुलिस की इस पहल पर अपेक्षित सहयोग नहीं दिए जाने के कारण प्रतिदिन पुलिस सड़क पर उतरकर कार्रवाई कर रही है। इसके पहले 15 ट्रक जब्त किए गए थे।अब पुलिस ने बस की जब्ती करने की शुरुआत कर दी है। बस मालिकों को समझाइश दी गई है कि वे राजमार्ग और रिंग रोड का उपयोग पार्किंग के लिए ना करें अन्यथा बस भी जब्त किए जाएंगे। प्रकरण न्यायालय में प्रेषित किया जाएगा।

दुष्कर्म आरोपित इमाम को अब तक नहीं गिरफ्तार कर सकी पुलिस

सूरजपुर। बसदेई चौकी इलाके के जूर गांव की मस्जिद के इमाम द्वारा अपने ही समाज की एक 26 वर्षीय महिला के घर मे घुसकर धमकाते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में करीब एक माह बाद भी बसदेई पुलिस फरार आरोपित इमाम को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपित इमाम के गिरफ्तारी की मांग भी पीड़ित पक्ष द्वारा की जा रही है। घटना की रिपोर्ट 15 अप्रैल को पीड़ित 26 वर्षीय महिला ने कोतवाली थाना सूरजपुर में दर्ज कराई थी। बता दें कि आरोपित गुलाम गौस जूर गांव स्थित एक मस्जिद में इमाम था। पीड़ित युवती के मुताबिक वह दस अप्रैल की देर शाम घर मे अकेली थी। उसी दौरान इमाम गुलाम गौस ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खोलने पर महिला को धमका कर दुष्कर्म किया था। पति के पूछने पर उसने घटना की सच्चाई आने पति को बताई थी। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने 15 अप्रैल को आरोपित इमाम गुलाम गौस के विरुद्ध धारा 376, 342, 458, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। उसके बाद कोतवाली पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई के लिए बसदेई को प्रकरण की डायरी भेज दी थी। आरोपित इमाम घटना उजागर होते फरार हो गया है। बसदेई पुलिस फरार आरोपित की तलाश तो कर रही है, लेकिन आज पर्यंत पुलिस आरोपित इमाम को गिरफ्तार कर पाने में नाकाम रही है।

बारिश से 2 डिग्री तक नीचे गिरा अधिकतम पारा

बैकुंठपुर। जिले में मौसम ने करवट ली है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मई महीने में हो रही बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे है, क्योंकि बारिश से खेतों की मिट्टी नरम हो रही है। इससे जून महीने में हल चलाने में उन्हें परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं बीते तीन दिनों से मौसम का मिजाज अचानक बदल जा रहा हैं। रविवार और सोमवार बारिश की वजह से तापमान 2 डिग्री तक नीचे गिरा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बीते तीन दिनों से पश्चिमी विक्षोभ की वजह से जिले में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 20 मई तक मौसम में इसी तरह उतार-चढ़ाव देखा जाएगा, लेकिन इसके बाद नौतपा में तापमान बढ़ेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री तक पहुंचने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। हालांकि, अगले सप्ताह तक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से कभी बादल छाए रहेंगे, तो कभी हल्की बारिश होगी। सोमवार को कोरिया समेत एमसीबी जिले में जमकर बारिश हुई। चिरमिरी शहर के गोदरीपारा में बारिश की वजह से नाली का पानी सड़क पर बहने लगा। यहीं हाल बैकुंठपुर में भी देखने को मिला। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ मौसम विभाग ने बताया कि 21 मई से तापमान में वृद्धि दर्ज की जाएगी। बता दें कि 13 मई को बारिश के बाद 2 डिग्री तापमान नीचे गिरा। इससे अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज हुआ। मंगलवार को भी बारिश की संभावना हैं। वहीं, 15 और 16 मई को तापमान में वृद्धि होगी। 17 व 18 को बादल छाए रहने की संभावना हैं। अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना ट्रमौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी झारखंड के उपर स्थित है। प्रदेश में 13 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने व गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

सबसे ज्यादा हाथियों का उत्पात

अंबिकापुर। अंबिकापुर को झारखंड से जोड़ने वाले एनएच 343 अंबिकापुर-रामानुजगंज मार्ग में हाथियों के मूवमेंट के लिए अंडर पास बनाए जाएंगे। सरगुजा संभाग में यह पहली सड़क होगी, जिसमें हाथियों के लिए अंडर पास रहेंगे। एनएच और वाइल्ड लाइफ के अधिकारियों के संयुक्त दौरे के बाद इसके लिए जगह फाइनल कर ली गई है और जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। हाथियों की ज्यादा आवाजाही वाले पांच स्थानों पर अंडरपास बनाए जाएंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग(एनएच) के निर्माण के साथ अंडर पास भी बनेगा।

संयुक्त संवेदना योजना के सदस्य बने बीईओ

भैयाथान। सूरजपुर जिले के शिक्षकों द्वारा संयुक्त संवेदना योजना' का संचालन किया जा रहा है। सदस्यों ने अपने दिवंगत सदस्य को श्रद्धांजलि अर्पित की। योजना से प्रभावित होकर जिले में शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी भी बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह ने संयुक्त संवेदना योजना से प्रभावित होकर इसकी प्रत्यक्ष सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि यह योजना शिक्षकों को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। इसके तहत असमय दिवंगत हो रहे शिक्षकों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार तक एक लाख रुपए की राशि के माध्यम से हमारी संवेदनाएं पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने विकासखण्ड भैयाथान के सभी शिक्षकों से अपील की है कि वे इस योजना से शत प्रतिशत जुड़कर इस कार्य में सहभागी बनें। इस दौरान छग. प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ भैयाथान के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष व संयुक्त संवेदना समिति प्रभारी कुलदीप सिंह, दिल मोहम्मद अंसारी, दिलीप साहू, बिजेंद्र साहू, राम यादव, अमरनाथ चौबे आदि मौजूद रहे। समिति की सदस्यता लेते बोईओ।

सीटू यूनियन के अध्यक्ष बने बीरबल

बिश्रामपुर। जयनगर जीएम यूनिट बिश्रामपुर सीटू यूनियन की बैठक में सर्व सहमति से बीरबल राम भगत को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष बनते ही भगत ने यूनियन और यूनियन के सदस्यों का हर संभव सहयोग करने और उनके हितों के लिए काम करने की बात कहीं। एसईसीएल बिश्रामपुर सीटू यूनियन को मजबूत यूनियन के रूप में पहुंचने का भी संकल्प लिया। साथ ही यूनियन के सचिव मोहम्मद समीम को नियुक्त किया गया है।

गुड़ाखू करने गए युवक का पैर फिसला, बांध में डूबने से मौत

लखनपुर। बांध में गुड़ाखू करने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक का पैर फिसलने से उसका चप्पल बांध में चला गया था। इसे निकालने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। पास में ही नहा रही महिलाएं कुछ समझ पाती तब तक युवक की डूबने से मौत हो चुकी थी।

थाना क्षेत्र के कन्नी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम लबजी और तिरकेला की सीमा पर स्थित कुरमेंन बांध में गुड़ाखू करने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक राजेश मझवार पिता रामा मझवार उम्र 18 वर्ष ग्राम लब्जी कुरमेंन पारा निवासी दोपहर में गुड़ाखू करने कुरमेंन बांध गया था। इस दौरान युवक का पैर फिसला और चप्पल पानी के अंदर चला गया। चप्पल निकालने की लिए युवक बांध के अंदर घुसा और पानी की गहराइयों में चला गया। इससे वह डूब गया। काफी देर तक जब वो बांध से नहीं निकला तो वहीं कुछ दूरी पर नहा रही महिलाओं ने युवक को पानी के ऊपर देखा और किसी तरह से उसे बाहर निकाला। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना कुन्नी पुलिस को मृतक के परिजन ने दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर मर्ग कायम्म कया। और शव का पीएम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंपा। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

नाग-नागिन को दूध पिलाने उमड़ी भीड़

कोरिया। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में दूध पीते नाग-नागिन का जोड़ा लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। करीब सप्ताह भर से तालाब में मौजूद नाग-नागिन को ग्रामीण दूध पिलाने के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे सांप के साथ अठखेलियां भी करते हैं। बताया जा रहा है कि 4 दिन पहले इसी सांप के डसने से एक ग्रामीण मौत भी हो गई थी। इसके बाद भी लोगों की न आस्था में कमी आई है और न तो सांप के जोड़े से छेड़छाड़ करने में। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट डॉ. मिश्रा ने कहा कि सांप को दूध पिलाना खतरनाक है, सांप दूध नहीं पीता है। जानकारी के मुताबिक, कोरिया जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत चारपारा के तालाब में नाग-नागिन का जोड़ा करीब एक सप्ताह पूर्व आया हुआ है। यह सांप का जोड़ा लोगों की आवाज सुनकर तालाब के तट पर आ जाता है।

चक्रवाती परिसंचरण ने डाला ज्यादा प्रभाव, आम की फसल चौपट

अंबिकापुर। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सक्रिय ताकतवर चक्रवाती परिसंचरण के कारण झारखंड सीमा से सटे उत्तरी छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के सनावल इलाके में रविवार शाम जमकर वर्षा हुई। भारी बारिश से सूखी नदियों में पानी का स्तर बढ़ गया। चक्रवाती परिसंचरण इतना प्रभावी था कि सरगुजा जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाके में तेज हवा से काफी नुकसान हुआ है। जगह-जगह पेड़ व डंगाल गिरने से बिजली के खंभे व तार टूट गए। आम व लीची की फसल को काफी नुकसान हुआ है। कुछ दिन पूर्व फल से लदे आम के पेड़ों में अब पत्तियां ही नजर आ रही हैं। इधर मौसम विभाग ने आने वाले चार पांच दिनों तक उत्तरी छत्तीसगढ़ में विक्षोभ के प्रभाव से तेज अंधड़ व हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। बता दें कि रविवार दोपहर बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सरगुजा संभाग के कई इलाकों में पचास किमी की गति से हवा चलने से बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई थी। अंबिकापुर में दर्जन भर स्थानों में पेड़ व डंगाल टूटकर गिरने के साथ शाखाओं के बिजली लाइन में सटने से सप्लाई ठप हो गई थी। देर रात तक मरम्मत का काम चलता रहा। ग्रामीण इलाके खासकर जंगल से लगे इलाके से गुजरी बिजली लाइन को तेज हवा चलने से ज्यादा नुकसान पहुंचता है। बता दें कि उदयपुर, लखनपुर, कुन्नी, दरिमा एवं मैनपाट के जंगली इलाके से गुजरी बिजली लाइन में अक्सर पेड़ गिरने की घटना होती है। इससे विद्युत खंभा व तार को नुकसान पहुंचता है। दो दिनों के भीतर चली तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ व डंगाल गिरने की घटना हुई। हालांकि विभाग की पेट्रोलिंग टीम ने तत्काल मरम्मत कर बिजली सप्लाई सुचारू कर दिया है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले चार पांच दिनों तक मौसम में उतार चढ़ाव बना रहेगा। पहले से वातावरण में नमी बनी हुई है। एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। ऐसे में 19 मई तक सरगुजा संभाग में कहीं-कहीं तेज अंधड़ और हल्की वर्षा होने की संभावना है।

टोनही प्रताड़ना के आरोप पर महिला गिरफ्तार

अंबिकापुर। लुंड्रा पुलिस ने टोनही प्रताड़ना के आरोप पर महिला को गिरफ्तार किया है। महिला पर आरोप था कि उसने गांव की ही एक महिला के घर के पास जाकर टोनही का आरोप लगाकर गाली-गलौज की थी। महिला की शिकायत पर मधुपारा पटोरा निवासी सरोजनी यादव के विरुद्ध धारा 294 भादवि तथा छग टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। ग्रामीण अंचल में सामाजिक बुराइयों को दूर करने जागरूकता अभियान चलाने के बाद भी इस तरह की घटना सामने आने पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

बिना कोचिंग जेईई मेंस में सफल निलय ने किया सरगुजा टाप

अंबिकापुर। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) नई दिल्ली द्वारा घोषित बारहवीं के परीक्षा परिणाम-2024 में ओरियंटल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर के मेधावी छात्र निलय चौधरी ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ सरगुजा में टाप किया है। शहर से लगे ग्राम अजिरमा निवासी गोरेलाल चौधरी व रामपुर्ती चौधरी के सुपुत्र ने एक साथ कई उपलब्धि हासिल की है। आठवीं तक छत्तीसगढ़ (सीजी) बोर्ड से पढ़ाई करने वाले मेधावी निलय ने नवमीं में सीधे सीबीएसई बोर्ड में प्रवेश लिया था। यह आम धारणा है कि सीजी बोर्ड से पढ़ाई के बाद सीधे सीबीएसई बोर्ड में प्रवेश लेने से विद्यार्थियों को थोड़ी असावधानी होती है लेकिन निलय के लिए यह मायने नहीं रखा। निलय ने स्वयं की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन में लगातार ऊंचाइयां हासिल की। 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण निलय चौधरी ने 12 वीं बोर्ड में 98.2 प्रतिशत अंक हासिल किया है। नईदुनिया से चर्चा करते हुए मेधावी निलय ने बताया कि लक्ष्य निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए मेहनत करने से उन्हें सफलता मिली है।

कई प्रोजेक्ट पर रिसर्च कर रहा वन विभाग

कोरबा। वाइल्ड लाइफ के क्षेत्र में कई प्रकार की संभावनाओं को कोरबा वनमंडल में मजबूती मिली है। अलग-अलग मामलों में अच्छे परिणाम आने के बाद अब कई प्रोजेक्ट पर रिसर्च शुरू की गई है। डीएफओ अरविंद एम ने बताया कि बायोडायवर्सिटी के साथ-साथ वाइल्ड लाइफ फील्ड को लेकर हमारी ओर से रिसर्च की जा रही है। कई टीमें इसमें जुटी हुई है। योजनाबद्ध रूप से इस काम को आगे बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है। इसी श्रृंखला में वनमंडल के एक रेंज में उड़न गिलहरी मिली है। गुफानुमा हिस्से में टीम की उपस्थिति इसी रिसर्च के दौरान हुई थी जिसने मौके पर उसे देखा। इससे पहले इस प्रकार की चीजें जानकारी में आई। उसकी तुलना में इस गिलहरी को कुछ अलग पाया गया है। कई प्रकार की विशेषताएं इसे अलग पहचान देती है। डीएफओ ने बताया कि जिले में कोबरा किंग के संरक्षण के लिए काम किया जा रहा है। लगभग 10 फीट की लंबाई वाले कोबरा किंग के लिए वन मंडल के बताती क्षेत्र की आबो हवा अनुकूल पाई गई है। इसलिए उस क्षेत्र की स्थिति को उनके लिए बेहतर किया जा रहा है।

विवाद के बाद पत्नी ने खुद को कमरे में किया बंद, फंदे पर लटका मिला शव

36 घंटे बाद निकाला गया शव मौके से

कोरबा। सिर्फ दो महीने पहले विवाह बंधन में बंधी प्रिया मंझवार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 36 घंटे के बाद इस बारे में पुलिस को अवगत कराया गया। मौके पर प्रिया का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सिविल लाइन पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम किया है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पंचनामा किया गया। मृतका के परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम संबंधित कार्यवाही की जाएगी।

जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर गोढ़ी गांव में यह घटना हुई। आज इस बारे में चीजें सामने आई जब इसकी आसपास में चर्चा हुई। सिविल लाइन पुलिस की टीम सूचना के बाद हरकत में आई। पता चला कि नवविवाहिता प्रिया मंझवार का विवाह दो महीने पहले ही पोखन मंझवार से हुआ था। कम अवधि में ऐसा कुछ हुआ कि प्रिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने यहां का रूख किया। इस दौरान आसपास के लोग भी

यहां एकत्र हो गए। उनकी उपस्थिति में दरवाजा तोड़ा गया और वहां से मृतका का शव निकाला गया जो फंदे पर लटका मिला। खबर के अनुसार किसी बात को लेकर प्रिया और पोखन के बीच विवाद हुआ था। यह बात 10 मई की है। उस दिवस पति अपने काम पर चला गया। उसके बताए मुताबिक विवाद करने के साथ पत्नी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। पति को उम्मीद थी कि सब कुछ सामान्य हो जाएगा लेकिन वह पत्नी के इरादे से बेखबर था। 11 मई को काम से लौटने पर भी दरवाजा नहीं खुलने पर पति सख्ते में आया। इसके कई घंटे बाद उसके द्वारा पुलिस को जानकारी दी गई कि पत्नी से विवाद हुआ था जिसके बाद उसने दरवाजा भीतर दरवाजा भीतर से बंद कर लिया है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस की टीम पिछली रात्रि को वहां पहुंची। एएसआई ने बताया कि बगल के कमरे से झांकने पर प्रिया को फंदे पर लटका पाया गया। तत्कालिक रूप से अगली कार्यवाही नहीं हो सकी। आज सुबह दरवाजा तोड़कर मृतका का शव वहां से निकाला गया जो फंदे पर था। पुलिस ने मामले को लेकर फिलहाल यही माना है कि यह संदिग्ध मौत से जुड़ा हुआ है। उक्तानुसार पंचनामा की प्रक्रिया की गई है। नवविवाहिता की मृत्यु से संबंधित प्रकरणों में डॉक्टरों का पैनल पोस्टमार्टम की कार्यवाही करता है। इसके लिए पुलिस ने संबंधितों को अवगत करा दिया है।

परिजनों से होगी पूछताछ

गोढ़ी में प्रिया मंझवार की फंदे पर लटकी मिली लाश का मामला कई सवालों को अपने पीछे छोड़ गया है। सिविल लाइन पुलिस इस सिलसिले में ससुराल और मायके पक्ष के लोगों से कई बिंदुओं से पूछताछ करेगी। इसके साथ ही आसपास के लोगों से भी तथ्यों का पता लगाएगी कि दंपत्ति के बीच विवाद के बारे में वे क्या कुछ जानते हैं।

घरेलू हिंसा के मामलों में हो रही बढ़ोत्तरी

सरकार और न्याय पालिका स्तर पर महिला वर्ग के साथ होने वाली घरेलू हिंसा की रोकथाम को लेकर कड़े कानून बनाए गए हैं और पूर्व के नियमों में कई प्रकार के परिवर्तन किये गए हैं। फौरी तौर पर प्रकरणों की जांच से लेकर सुनवाई और दोषियों को पर्याप्त सजा देने के प्रावधान भी नए कानून में किये गए हैं। इन सभी के पीछे एकमात्र उद्देश्य यही है कि हर हाल में महिला प्रताड़ना तथा उनके जीवन पर आ रहे संकट का उन्मूलन किया जाए।

बसपा और गोंगपा की चिंता क्या बचेगी इस चुनाव में जमानत

कोरबा सीट पर मुख्य मुकाबले में कांग्रेस और भाजपा

कोरबा। अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्षरत बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सामने सबसे बड़ी चिंता इस बात को लेकर है कि क्या लोकसभा चुनाव में उनके प्रत्याशियों की जमानत भी बच सकेगी। कोरबा लोकसभा क्षेत्र से दोनों पार्टियों ने बड़ी उम्मीद से अपने प्रत्याशी उतारे थे। 7 मई को संसदीय क्षेत्र में 74 प्रतिशत मतदान के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम के हवाले हो गई है। प्रत्याशियों को नतीजों की प्रतीक्षा है, जो 4 जून को सार्वजनिक होंगे।

कोरबा सीट से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने भरतपुर-सोनहत क्षेत्र के श्यामसिंह और बसपा ने बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक दूजराम बौद्ध को मैदान में उतारा था। इसके पीछे कुल मिलाकर जातिगत वोटों को साधने का गणित था। कोरबा सीट पर चार जिलों की 8 विधानसभा शामिल हैं जिनमें 16 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से सिर्फ 74 प्रतिशत ने ही मतदान करने में रूचि ली। लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला कांग्रेस की वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत और भाजपा की सरोज पांडे के बीच रहा जो पूरे चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं को नजर आई। इनके अलावा 25 अन्य प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें बसपा और गोंगपा के प्रत्याशी भी शामिल हैं।

राजनीति के जानकारों की मानें तो चुनाव जीतने की गरज से मुख्य पार्टियों ने ही अपने संसाधनों का उपयोग किया। प्रचार तंत्र पर ध्यान दिया और इसी हिसाब से रणनीति भी बनाई। जबकि क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराने और अपने चेहरे की पहचान को बरकरार रखने के इरादे से कई पार्टियां चुनाव में हिस्सा लेने को लेकर आतुर रहीं। चुनाव आयोग के पैरामीटर के हिसाब से 6 प्रतिशत वोट हासिल करने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जमानत बच जाती है अर्थात वे उस राशि को पाने के हकदार होते हैं जो नामांकन के समय जमा की जाती है। इससे बड़ी बात यह होती है कि अगर किसी की जमानत जब्त हो जाती है तो मान लिया जाता है कि उसके जनाधार का स्तर क्या है।

अजा मोर्चा के कार्यकर्ता जांजगीर में क्षेत्र डटे रहे

कोरबा। भाजपा अजा मोर्चा कोरबा जिले के कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मंडलो में प्रचार करने के बाद वें 12 दिनों तक जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार करते रहे।

कई ऐसे कार्यकर्ता थे जो अपने अपने वार्ड को छोड़कर कही नही गए अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सरजू अजय महामंत्री बबलू डहरिया व राजेश लहरे ने चुनाव के दौरान सभी 4 विधानसभा क्षेत्रों में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के बाद वें जांजगीर लोकसभा क्षेत्र जैजैपुर पांमगढ़ सक्ती क्षेत्र में काम करते रहे। यहां पर उन्होंने बसपा व कांग्रेस के समर्थकों से मुलाकात करते हुए भाजपा के पक्ष में लाने का प्रयास किया। उन्होंने कई संरपचों व पंचो से मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े से फोन पर बात कराया इधर अजा मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुनीता पाटले को अजा मोर्चा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था। वें अपने टीम के साथ पुरे क्षेत्र में बैठक लेते रहे प्रदेश कार समिति सदस्य डा. जयकुमार लहरे भी रामपुर बस्ती क्षेत्र में लगातार काम करते रहे। समाज की कई बैठक भी कराई समाज के लोगों को एकजुट करते हुए भाजपा के पक्ष में वोट डालने को कहा इसी तरह प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुशील गर्ग को वाहन प्रभारी बनाया गया था। इसके अलावा वें नेहरू नगर वार्ड में काम सभालते रहे। अजा मोर्चा की रमा मिरी भी अपने टीम के साथ कोसाबाड़ी नगर मंडल में सक्रिय रही। अजा मोर्चा के सुनील भट पहरे भी अपने क्षेत्र में काम कर रहे थे।

बिजली कर्मचारी संघ सौंपेगा ज्ञापन

कोरबा। बिजली कर्मचारी संघ प्रदेश कार्य समिति की बैठक रायपुर में आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया है कि समस्याओं को लेकर सबसे पहले ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद आगे की रणनीति तैयार होगी। पुराने पेंशन स्कीम को लागू करने सॉवदा के आधार पर नौकरी कर लोगों को नियमित करने आईटीआई कर्मचारियों को सहायक श्रेणी दो सहित कई मांगो को प्रबंधन के सामने रखा जाएगा। प्रबंधन वार्ता के लिए नहीं बुलाती है तो आंदोलन किया जाएगा। राष्ट्रीय सचिव आर.एस.जायसवाल, बी.एस. राजपूत,नवरत्न बरेठ, मदन मोहन पाण्डेय, शब्बीर मेमन, पूर्णिमा साहू, यशवंत राठौर के द्वारा किया जाएगा।

पब्लिक सेक्टर में बेरोजगारों के लिए खुल सकती है लॉटरी

औद्योगिक जिले में रोजगार पर हो रही बात

कोरबा। मिनी इंडिया के नाम से पहचाने जाने वाले कोरबा जिले में आने वाले दिन उन बेरोजगारों के लिए बेहतर हो सकते हैं जिन्होंने औद्योगिक स्तर पर दक्षता हासिल की है और अब तक काम की तलाश में यहां-वहां भटक रहे हैं। जिले के पब्लिक सेक्टर्स से इस बारे में जानकारी मांगे जाने के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। श्रम और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा कोरबा जिले में संचालित सभी पीएसयू से अगले पांच दिन में इस बारे में जानकारी मांगी है।

कोरबा जिले में नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन जैसे संस्थान पीएसयू के तौर पर काम कर रहे हैं। मौजूदा मामला इनसे ही जुड़ा हुआ है। अलग-अलग श्रेणी के कई काम प्रबंधन ने आउट सोर्सिंग पर दे रखे हैं। इसी को लेकर कई मौकों पर विवाद खड़ा होता रहा है कि जिले के बेरोजगारों को काम देने के बजाय दूसरे राज्यों को महत्व दिया गया है। भाजपा सरकार आने के बाद इस मामले में समाधान खोजने के लिए काम किया जा रहा है। पब्लिक सेक्टर से जानकारी मांगी गई है उसने अपने यहां स्थानीयों को कितना महत्व दिया है, इस बारे में अपडेट किया जाए। माना जा रहा है कि सही जानकारी आने के साथ जिले के बेरोजगारों को काम देने का रास्ता खुलेगा। नियमत: ऐसे संस्थानों में 70 प्रतिशत स्थानीय लोगों को काम देने का प्रावधान है। दूसरी ओर लेबर सप्लाई के काम से जुड़े हुए लोग संकेत मिलने के बाद अपने स्तर पर सक्रिय हो गए हैं। वे इसी बहाने अपनी संभावनाओं पर बेहतर तरीके से काम कर सकते हैं। इसलिए इस मामले में की गई पहल ऐसे लोगों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है।

गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट

कोरबा। गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानी रोड कोरबा में हाईस्कूल परीक्षा एवं हायर सेकंडरी परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 108 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये थे। प्रथम 38 द्वितीय 45 और तृतीय 10 विद्यार्थी रहे। विद्यालय में प्रथम स्थान कु. सरस्वती चंद्रा 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान सत्यम शर्मा 92.1 प्रतिशत और तीसरा स्थान 90.3 प्रतिशत सूर्यप्रकाश पटेल हायर सेकंडरी परीक्षा में कुल 59 विद्यार्थी सम्मिलित हुये। जिसमें प्रथम 29, द्वितीय 24 और तृतीय 01 विद्यार्थी रहे। विद्यालय में प्रथम स्थान कु. दिव्या जायसवाल 82.8 प्रतिशत, (कला संकाय), द्वितीय स्थान सूर्यप्रकाश पटेल (गणित संकाय) 82 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान कु. महक सिंह (वाणि संकाय) 81 प्रतिशत का रहा। विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाये एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सरपंच और ग्रामीणों ने पकड़ा दो लोगों को अवैध शराब के साथ

ठोस कार्रवाई के लिए पुलिस से मांग की

कोरबा। रामपुर पंचायत के आश्रित ग्राम चंदनपुर में अवैध शराब बनाने और बेचने का काम शुरू हो गया है। आमाखोखरा इलाके में रहने वाले दो लोग इस काम को अंजाम दे रहे हैं। पिछली रात सरपंच पुराण सिंह और कुछ ग्रामीणों ने शराब के साथ दोनों व्यक्तियों को दबोचा। आज इस बारे में पुलिस से शिकायत की गई। ग्रामीण चाहते हैं कि अवैध काम में लगे तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

कोरबा जिले के कटघोरा पुलिस थाना अंतर्गत चंदनपुर में यह मामला यहां के ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना हुआ है। पता चला कि चौहान और गाड़ा नामक दो लोग अपने ठिकाने पर अवैध शराब बनाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आमाखोखरा को इसके लिए चुना हुआ है। शराब तैयार करने के साथ इसे आसपास में बेचने और आमदनी करने का सिलसिला जारी है। लंबे समय के बाद इस तरह की हरकतें इनकी ओर से फिर शुरू की गई। इससे पहले दो-तीन मौकों पर इन लोगों को पुलिस और आबकारी विभाग ने पकड़ा था लेकिन बेहद सामान्य कार्रवाई कर छोड़ दिया गया। यही कारण है कि अवैध काम में लगे इन लोगों का मनोबल बढ़ा हुआ है। एक प्रकार से उन्हें किसी का डर नहीं रह गया है इसलिए उन्होंने अब अपने काम को बढ़ाने की पूरी तैयारी की है। खबर के मुताबिक पिछली रात्रि को सूचना प्राप्त होने पर सरपंच और कुछ लोग ठिकाने पर पहुंचे। मौके से इन दोनों अराजक तत्वों के कब्जे से 10 लीटर शराब जब्त की गई। इसे गंभीर काम माना गया। चंदनपुर के जागरूक लोगों ने आज सुबह कटघोरा पुलिस थाना में उपस्थिति दर्ज कराई और अपने यहां चल रही अवैध गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से सभी तरह के अवैध कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं। इस परिस्थिति में आमाखोखरा में जो कुछ काम हो रहा है वह बदीश्त करने योग्य नहीं है।

बंद हो रहे खदानों पर होगी चर्चा

कोरबा। एसकेएमएस के कार्यकर्ता एसईसीएल के बंद हो रहे कोयला खदानों को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहे है। कल आईआर की होने वाली बैठक में छुराकछार व सिपांली खदान को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा रजगामार खदान को आगे बढ़ाने के लिए सुझाव दिया जाएगा। एसकेएमस के महामंत्री भूपेश मिश्रा ने कहा है कि श्रमिक संगठन किसी भी श्रमिक के हितों के प्रति लापरवाही नही करेगा। बल्कि व संघर्ष के लिए तैयार है एसकेएमएस ने कोयला काम गारों के कई काम कराए है। जिसके चलते कामगारों का एसकेएमएस के ऊपर काफी भरोसा है। अध्यक्ष धर्मा राव ने कहा कि बंद हो रहे खदानों के मुद्दों जोरशोर से उठाया जाएगा। ताकि कोयला कामगार को परेशानी न हो। बगदेवा में संडे ड्यूटी नहीं दिया जा रहा है। इस मामले को भी पटल पर रखा जाएगा। मानिकपुर के राजू श्रीवास्तव , उज्ज्वल बनर्जी सहित सभी ईकाई के पदाधिकारी क्षेत्र की समस्याओं को सामने रखेगें।

नाम के अनुरूप ओजस का प्रदर्शन सीबीएसई 10वीं बोर्ड में जिले में टॉप

कोरबा। केंद्रीय माध्यमिक सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा के परिणाम घोषित हो गए हैं। डीपीएस एनटीपीसी जमनीपाली के छात्र ओजस अग्रवाल ने अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन किया। उसे 98.6 प्रतिशत अंक 10वीं की परीक्षा में प्राप्त हुए। जिले में उसने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रारंभ से ही मेधावी छात्र की पहचान ओजस की रही है और उसने पिछली परीक्षाओं में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। जिले के गणमान्य नागरिक मनीष अग्रवाल और सीमा अग्रवाल के सुपुत्र ओजस ने इंडियन इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (आईआईटी) में जाने के लिए तैयारी शुरू करा दीं है। वह खंडवा जिले के मेट्रो विजन में इसकी तैयारी कर रहा है। ओजस ने अपनी सफलता के लिए माता-पिता व अपने शिक्षकों को श्रेय दिया है।

अब झारखंड में प्रचार करेंगे कोरबा के कार्यकर्ता

कोरबा। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता चुनाव प्रचार करने के लिए झारखंड जाने की तैयारी कर रहे है। वहां जाकर भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे। संभागीय अध्यक्ष रितेश मोहरे के द्वारा सूची बनाने का काम किया जा रहा है। संभावना है कि युवा मोर्चा की विकेश झा, प्रीति स्वर्णकार सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन, दिनेश तिवारी, प्रवीण उपाध्याय, ब्रिजेश यादव ,किशन साव, नवीन देवांगन, अभिषेक सिंह, चुलेश्वर राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता झारखंड जा सकते है। यह बात अलग है कि झारखंड के चुनाव में स्थानीय और बाहरी का मामला गरमाया है और वहां बिहार को ही बाहरी से जोड़कर देखा जा रहा है।

दिनचर्या सुधरेगी तो रहेंगे स्वस्थ, शिविर में मिली जानकारी

डॉ. शर्मा ने किया परीक्षण

कोरबा। मातृ दिवस के अवसर स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु 12 मई 2024 रविवार को क्रांति नगर, हनुमान मंदिर प्रांगण बिलासपुर में प्रात: 9 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित हुआ। डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की बिलासपुर शाखा प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता एवं शिविरार्थियों ने आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवंतरी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।

शिविरार्थियों का उपचार करने के साथ साथ उनके लिए उपयोगी लाभकारी दिनचर्या , ऋतुचर्या, पथ्य, अपथ्य एवं आहार विहार के बारे में विस्तार से बताते हुए शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदूषित वातावरण एवम

आपाधापी भरे जीवन में स्वयं को स्वस्थ रखने के लिये सभी लोगों को अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाये रखना अति आवश्यक है। तथा इसे बढ़ाने के लिये हमें नियमित रूप से प्रतिदिन नियमानुसार योग एवं प्राणायाम का अभ्यास अवश्य करना चाहिये। साथ ही रोगियों को जीवनशैली के विषय मे विस्तार से बताते हुये कहा कि आयुर्वेदिक जीवन शैली को अपनाकर ही हम आजीवन आरोग्य रह सकते है। विभिन्न आयु वर्ग से संबंधित सभी प्रकार के सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों से पीड़ित 75 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। शिविर की आयोजिका मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की बिलासपुर शाखा प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता ने कहा कि बहुत से लोग हरिद्वार जाकर अपना इलाज कराना चाहते है। पर बहुत से कारणों से एवं समयाभाव के कारण जा नही पाते ऐसे में हरिद्वार से प्रशिक्षित चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने यहां आकर अंचलवासियों को अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श के अलावा मरीजों की ब्लड शुगर की जांच भी निशुल्क की गई। शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, बिलासपुर शाखा प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, मयंक गुप्ता, अश्विनी बुनकर, नेत्रनंदन साहू, कमल धारिया, हर्ष नारायण शर्मा एवं ट्रस्ट के लोगों ने सहयोग दिया।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com